CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2012-14

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष-43 | अंक - 71 | राजनांदगांव, शुक्रवार 26 जनवरी 2024 | पृष्ठ - 8 + 4 = 12 | मूल्य - 4.00 रुपए

## ज्ञानवापी में विशाल हिंदू मंदिर था, तहखाने में मिली मूर्ति, एएसआई सर्वे की रिपोर्ट में खुलासा

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर जैन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जिला जज के नकल विभाग ऑफिस ने एएसआई सर्वे की रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट को लेकर उन्होंने कई दावे किए। एएसआई ने 839 पृष्ठों की रिपोर्ट दायर की है।

### एक बड़ा हिंदू मंदिर था

उन्होंने कहा, 'जीपीआर सर्वे पर एएसआई ने कहा कि यहां एक भव्य हिंदू मंदिर था। मौजूदा ढांचा के पहले हिंदू मंजूर मौजूद था।' जैन ने कहा कि जो वर्तमान ढांचा है, उसकी पश्चिमी दीवार पहले के हिंदू मंदिर का हिस्सा है। यहां पर एक्जिस्टिंग स्ट्रक्चर है।

### तहखाने में हिंदू देवताओं की मूर्ति मिली

वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि एएसआई ने कहा है कि हिंदू देवताओं की मूर्तियां और नक्काशीदार वास्तुशिल्प मिट्टी के नीचे दबे पाए गए हैं। मौजूदा वास्तुशिल्प अवशेष, दीवारों पर सजी हुई ढलाई, एक बड़ा प्रवेश द्वार, विकृत छवि



वाला एक छोटा प्रवेश द्वार और सजावट के लिए नक्काशी किए गए पक्षियों और जानवरों से पता चलता है कि पश्चिमी दीवार हिंदू मंदिर का शेष हिस्सा है। उन्होंने कहा, एक कमरे के अंदर पाए गए अरबी फारसी शिलालेख में उल्लेख है कि मस्जिद औरंगजेब के शासनकाल में बनाई गई थी। पहले से मौजूद संरचना ऐसा प्रतीत होता है कि इसे 17वीं शताब्दी में नष्ट किया गया था। (शेष पृष्ठ 11 पर)

### 34 शिलालेख मिले हैं

वकील जैन ने बताया कि एएसआई ने कहा है कि वहां 34 शिलालेख है। जहां पर पहले से मौजूद हिंदू मंदिर के थे। जो पहले हिंदू मंदिर था। उसके शिलालेख को दोबारा इस्तेमाल कर मस्जिद बनाया गया है। इनमें देवनागरी, ग्रंथ, तेलुगु और कन्नड़ लिपियों में शिलालेख मिले हैं।

### सर्वेक्षण से होगा स्पष्ट शिवलिंग या फव्वारा

इससे पहले विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि वजू टैंक में कई मछलियां मर गई हैं। हमने इसकी सफाई के लिए कोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर किया। वहां एएसआई सर्वेक्षण के लिए भी कहा था। सर्वे पर लोगी रोक को भी हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एएसआई सर्वेक्षण होगा। इससे स्पष्ट हो जाएगा कि यह शिविंग है या फव्वारा। वजुखाना टैंक में मरी हुई मछलियों की रिपोर्ट पर वकील ने कहा कि वजू क्षेत्र को जिला प्रशासन द्वारा साफ कर दिया गया है।

## 132 पद्म पुरस्कारों की घोषणा : वेंकैया नायडू समेत पांच को पद्म विभूषण, 17 पद्म भूषण और 110 पद्म श्री का भी ऐलान

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पद्म पुरस्कारों का एलान कर दिया गया है। इसके तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किए जाने वाली हस्तियों के नामों का ऐलान किया गया। इस बार राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति ने दो युगल समेत 132 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी है। देर रात जारी सूची में पांच पद्म विभूषण, 17 पद्म भूषण शामिल हैं। इसके अलावा 110 पद्म श्री पुरस्कारों का भी एलान किया गया है। पुरस्कार पाने वालों में 30 महिलाएं हैं। सूची में आठ विदेशी, एनआरआई, पीआईओ, ओसीआई श्रेणी के व्यक्ति शामिल हैं। वहीं, नौ मरणोपरांत पुरस्कार भी दिए जाने का ऐलान किया गया है। इससे पहले 23 जनवरी को सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कूर्परी ठाकुर को भारत रत्न से नवाजने का ऐलान किया था। पद्म विभूषण पाने वाली हस्तियों में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और साउथ के अभिनेता चिरंजीवी भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति एम फातिमा बीबी (मरणोपरांत), अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका ऊषा उत्थुप, अभिनेता विजयकांत (मरणोपरांत) और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यब्रत मुखर्जी को पद्म भूषण से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

### पिछले साल 106 पद्म पुरस्कारों का हुआ था ऐलान

इससे पहले पिछले साल राष्ट्रपति ने 106 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी थी, इनमें 6 पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण और 91 पद्म श्री शामिल थे। 19 पुरस्कार विजेता महिलाएं थीं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं। सात लोगों को मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। पद्म सम्मान देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं और यह तीन श्रेणियों- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं।

भारत सरकार ने देश के दो सर्वोच्च नागरिक सम्मान- भारत रत्न और पद्म पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 1954 में की थी। इन पुरस्कारों से देश-विदेश के उन लोगों को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने किसी क्षेत्र में कोई प्रतिष्ठित व असाधारण कार्य किया हो, जिसमें लोक सेवा का तत्व जुड़ा हो। हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर इन पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। फिर मार्च या अप्रैल में होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया जाता है। (शेष पृष्ठ 11 पर)



75 वां गणतंत्र दिवस पर समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।
**- सम्पादक**

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आज दैनिक दावा कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 28 जनवरी 2024 को प्राप्त होगा।
**- व्यवस्थापक**

## अस्सी रणबांकुरों को वीरता पुरस्कार, छह को कीर्ति तथा 16 को शौर्य चक्र

**अस्सी रणबांकुरों को वीरता पुरस्कार, छह को कीर्ति तथा 16 को शौर्य चक्र**

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बहादुरी के लिए 80 सैन्यकर्मियों को वीरता पुरस्कार दिये जाने की मंजूरी दे दी जिनमें से 12 को यह सम्मान मरणोपरांत दिया जा रहा है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार राष्टपति ने आज जिन रणबांकुरों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किये जाने की घोषणा की उनमें छह कीर्ति चक्र शामिल हैं जिनमें तीन को यह सम्मान मरणोपरांत दिया जा रहा है। वीरता के लिए 16 सैन्यकर्मियों को शौर्य चक्र दिया जायेगा जिनमें दो को मरणोपरांत यह वीरता के लिए सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही, 53 सेना पदक (सात मरणोपरांत), एक नौसेना पदक (वीरता) और चार वायु सेना पदक (वीरता) को भी मंजूरी दी गयी है। राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों और अन्य कर्मियों के लिए 311 रक्षा अलंकरणों को भी मंजूरी दी। इनमें 31 परम विशिष्ट सेवा पदक, चार उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक के लिए दो बार, 59 अति विशिष्ट सेवा पदक, 10 युद्ध सेवा पदक, आठ बार टू सेना मेडल (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 38 सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 10 नौसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 14 वायु सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), पांच बार से लेकर विशिष्ट सेवा पदक और 130 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ के तीन विभूतियों को पद्मश्री : 'बिरहोर के भाई' के नाम से फेमस जागेश्वर और मांझी को मिलेगा सम्मान

रायपुर। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के 3 हस्तियों को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इनमें सरगुजा संभाग के जशपुर के रहने वाले जागेश्वर यादव, बस्तर संभाग के नारायणपुर निवासी हेमचंद मांझी और बिलासपुर संभाग के रायगढ़ जिले के रामलाल बरेठ शामिल हैं। जागेश्वर यादव की इस उपलब्धि पर सीएम ने उन्हें फोन करके बधाई दी है।

### सीएम साय ने लगातार तीन ट्वीट कर दी बधाई

सीएम साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार तीन ट्वीट किए। पहले ट्वीट में लिखा



कि भारत सरकार द्वारा बिरहोर आदिवासियों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले जागेश्वर यादव को मिलेगा पद्मश्री सम्मान। जशपुर के रहने वाले ष्बिरहोरद्धकेद्धभाई के नाम से प्रसिद्ध श्री ष्जागेश्वरद्धयादव को आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने फोन करके बधाई दी। दूसरे ट्वीट में लिखा कि आदिवासियों को बेहतर जिंदगी देने के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले जागेश्वर यादव ,अब पद्मश्री जागेश्वर यादव कहलायेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जागेश्वर दादा को खुद फोन करके बताया कि उन्हें भारत सरकार द्वारा ष्पद्मश्री पुरस्कार मिला है और राष्टपति जी से पुरस्कार लेने उन्हें दिल्ली जाना है। यादव को आदिवासियों के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान भी प्रदान किया गया है। तीसरे ट्वीट में लिखा कि पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने वालों (शेष पृष्ठ 11 पर)






‘खुद के कुकर्मों का दोष दूसरे पर’, आतंकियों की हत्या पर पाकिस्तान के झूठे आरोप पर भारत का कड़ा जवाब

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग की। इस दौरान उसने पाकिस्तान के उस बयान पर भी जवाब दिया जिसमें उसने सियालकोट में दो आतंकियों की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का झूठा आरोप लगाया था। भारत ने आतंकी पालने वाले देश को करारा जवाब दिया और कहा कि यह पाकिस्तान का फर्जी प्रचार है।

एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के मुद्दे पर कहा, हमने पाकिस्तानी विदेश सचिव के बयानों वाली मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। यह पाकिस्तान का फर्जी और दुर्भावनापूर्ण भारत-विरोधी प्रचार का ताजा उदाहरण है।

आतंक का केंद्र रहा है पाकिस्तान

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान को आइना दिखाते हुए कहा, पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंक, संगठित अपराध और अवैध सीमापार गतिविधियों का केंद्र रहा है।

खुद के कुकर्मों का दोष दूसरे पर

अंत में एमईए प्रवक्ता ने कहा कि भारत और दुनिया के कई देशों ने सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान को चेताया है कि उसे आतंकवाद और हिंसा की खुद की खेती को काटना पड़ेगा। पाकिस्तान जो बोएगा, वही कटेगा। खुद के कुकर्मों का दोषारोपण दूसरे पर करना न तो तर्गसंगत है और न ही कोई हल।

आतंकी देश ने लगाए थे फर्जी आरोप

दरअसल, पकिस्तान के विदेश सचिव मुहम्मद सायरस सज्जाद काजी ने गुरुवार को भारत पर झूठा आरोप लगाया। काजी ने दावा किया कि उन्हें पिछले साल सियालकोट में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो पाकिस्तानी आतंकियों की हत्या और ‘भारतीय एजेंटों’ के बीच विश्सनीय सबूतों की कड़ी मिली है।

पाकिस्तान का झूठ यहीं तक नहीं सीमित था उसने यह भी दावा किया कि भारत पाकिस्तान के अंदर न्यायेतर और राज्येतर हत्याएं कर रहा था।

0000000000000000

# आने वाली पीढ़ी के लिए लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं - कलेक्टर



- ० भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के लिए की गई अद्भुत व्यवस्था
- ० राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विधानसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी खरे उतरे है। उन्होंने बताया कि जिला सूरजपुर में रहते हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सभी ने अच्छा कार्य किया हैं। जिसके लिए आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में जिला सूरजपुर को वर्ष 2023 में समग्र रूप से निर्वाचन कार्यों के संपादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला अंतर्गत जिला सूरजपुर को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां टीम वर्क के साथ सभी ने अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से निभाया।

लोकसभा निर्वाचन के लिए राजनांदगांव जिले में अच्छा कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाताओं का बहुत महत्व है। हमारे गणतंत्र दिवस 1950 के ठीक एक दिन पहले भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई थी, ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से निर्वाचन कार्य हो सके। इसके लिए संवैधानिक व्यवस्था की गई। लोकतंत्र दिनों-दिन मजबूत होता जाएगा। इसके लिए सभी को शत-प्रतिशत मतदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला प्रशासन को शक्तियां प्रदान की गई है, जो बहुत अच्छी व्यवस्था है।

एक ओर जहां प्रशासनिक अधिकारी शासन की योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाते हैं। वहीं दूसरी ओर आचार संहिता लगते ही संवैधानिक प्रावधानों से जुड़कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए कार्य करते हैं, यह एक अद्भुत व्यवस्था है। इसके अंतर्गत हम सभी जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ी के लिए लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवाशीष ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवाशीष ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान के माध्यम से हम अपने जनप्रतिनिधि को चुनते हैं, जिन पर देश का विकास करने की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने नए मतदाताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सभी को ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में सहभागिता निभाने के लिए कहा। इस अवसर पर स्वीप की गतिविधियों से संबंधित पुस्तक का विमोचन किया गया। श्री देवाशीष ठाकुर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई।

संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत शहरी क्षेत्रों के प्रतिशत से अच्छा होता है। विषम परिस्थितियों में भी ग्रामीण क्षेत्रों के जनसामान्य मतदान करने के लिए प्रेरित होते हैं। हमें शहरी क्षेत्रों में भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्य करने की जरूरत हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में स्वीप की गतिविधियां अभूतपूर्व रही है। ऐसी गतिविधियां पहले कभी आयोजित नहीं हुई थी। जिला निर्वाचन कार्यालय ने सक्रियतापूर्वक कार्य किया और शांतिपूर्ण एवं सफल निर्वाचन संपन्न हुए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नवाचार किए गए थे, जिनमें वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया गया था।

निर्वाचन में सभी का सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आगे भी लोकसभा निर्वाचन के लिए सभी समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने कहा कि जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु का कोई मतदाता न छूटे इसके लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा नाम जोडने् एवं विलोपित करने का कार्य किया जाता है। जिले में विधानसभा 2023 में मतदान का प्रतिशत 82.50 प्रतिशत रहा है। राष्टीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।






















## अनमोल दावा

> कांटो में भी फूल खिलाएं इस धरती को स्वर्ग बनाएं आओ सबको गले लगाएं हम गणतंत्र का पर्व मनाएं।

## सम्पादकीय

### रेप-खून जैसे संगीन अपराधों के बावजुद राम रहीम पर नरमी क्यों?

गुरमीत राम रहीम इशां को मिला "पेरोल" विवादित हुआ है। राम रहीम डेरा सच्चा सौदा के अध्यक्ष हैं। उसने अपने ही आश्रम में रहने वाली साध्वी पर बारम्बार बलात्कार किया था। जिसकी न्यायालय में पुष्टि होनें के बाद 20 सालों की कैद की सजा हुई थी। इसके अलावा, पत्रकार, रामचन्द्र छत्रपति की हत्या के मुकदमे में उसे उम्रकैद की भी सजा हुई है। उसने इसके बाद अपने ही मैनेजर रणजीत सिंह की हत्या के अपराध में भी आजीवन कैद की सजा हुई है।

राम रहीम पर तीन-तीन गंभीर, अपराधों और आजीवन कैद के बावजुद उस पर मेहरबानी, समझ से परे है? जेल विभाग ने उसे 50 दिनों की पेरोल पर रिहा किया है। ऐसी चकित करने वाली घटना पहली मरतबे नहीं घटी है। वह पेरोल पर अभी तक नौ मरतबे जेल से बाहर आ चुका है।

ज्ञातव्य है कि सिक्खों की प्रतिष्ठित संस्था शिरोमणी गुरूद्वारा प्रबंधक समिति (एस.जी.पी.सी.) ने राम रहीम को अनेक मरतबे पेरोल दिये जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जाने की घोषणा की है। हरियाणा और पंजाब के अमुक क्षेत्रों में राम रहीम का एक खास वर्ग पर अच्छा प्रभाव है। इस कारण, लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए पेरोल पर छोड़ा गया है, ऐसे आरोप भी लग रहे हैं।

अन्य बात यह कि सरकार ने अपराधियों को पुचकार कर कानून व व्यवस्था व न्यायपालिका को भी हासिये में डाला है ऐसी आलोचना हो रही है। राम रहीम पर साध्वियों के शारीरिक शोषण सहित लम्बे समय से अन्य आरोप भी लगे हैं। वह युवतियों का ब्रेनवास कर चाहे जब बुलाकर उन्हें अपने हवस का शिकार बनाता था। अपना परिवार-घर छोड़कर आई हुई साध्वियां शुरू में सब चुपचाप सहन करती रहीं। फिर, उसके अत्याचार बढ़ने पर एक साध्वी ने हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखा और अपनी वेदना से अवगत कराया था। इसके बावजुद, कोई कार्यवाही न होनें पर उसने 2002 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को पत्र लिखकर राम रहीम के अत्याचारों से अवगत कराया था। तब इस मामले की जांच सीबीआई से सुपुर्द की गई थी। किन्तु, सी.बी.आई. ने इसे गंभीरता से नहीं लिया था।

जब राम रहीम का पुलिस और सीबीआई कुछ नहीं बिगाड़ सकी, तब रामचन्द्र छत्रपति नामक एक पत्रकार ने राम रहीम की अमानवीय दास्तां लिखना शुरू किया। राम रहीम को शंका थी कि छत्रपति को रणजीत सिंह मसाला दे रहा है। इस दौरान, आश्रम में किया जा रहा देह शोषण ने एक धारावाहिक का रूप ले लिया था। तब अतिक्रोधित होकर राम रहीम ने 2002 में छत्रपति को सुपारी देकर हत्या करवा दी और उसके बाद रणजीत सिंह को भी निपटा दिया था।

आघातजनक यह कि किसी भी ठोस कारण के बगैर राम रहीम को पेरोल मिल रहा है। वह अनेक दिनों के लिए जेल से बाहर आ जाता है। प्राय: प्रत्येक तीन माह के अंतराल में उसे पेरोल पर छोड़ दिया जाता है। पिछल डेढ़ साल में राम रहीम 211 दिन जेल से बाहर रहा है। जेल में भी उसे वी.आई.पी. ट्रीटमेंट मिलता है, ऐसे आरोप भी जेल प्रशासन पर लगते हैं। फिर, बड़ा सवाल उठता है कि कानून-व्यवस्था नाम की यहां मामले में कोई चीड़ियां है भी या नहीं?

## कविता

### मूल ग्रन्थ है जनमत का

भारत की जो आन बान है
जन जन का स्वाभिमान है
जन गण मन से रत देश है
रंग-बिरंगा जहाँ का वेश है
संविधान को अब तो जाने
बारिकिया इसकी पहचाने
क्योंकि पहले मेरा स्वदेश है
रंग-बिरंगा जहाँ का वेश है
मूल ग्रन्थ है यह जनमत का
सिद्धांत छुपा है हर मन का
बाबा का सुन्दर जो सन्देश है

रंग-बिरंगा जहाँ का वेश है
गणतंत्र को अक्षुण रखना है
देश हित ही तो मर मिटना है
तन मन धन से ऊपर देश है
रंग-बिरंगा जहाँ का वेश है



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी छ.ग.

## गणतंत्र दिवस पर विशेष

# राष्ट्र के गणतंत्र दिवस में हम कहां खड़े हैं

- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"



प्रतिवर्ष 26 जनवरी को हमारा देश गणतंत्र दिवस के रूप में राष्ट्रीय पर्व मनाता है। इसलिये कि इस दिन स्वतंत्र भारत का संविधान लागू हुआ था। वैसे तो स्वतंत्रता का प्रतीक दिवस 15 अगस्त ही काफी था, परंतु वास्तविक अर्थो में अपने देश के संविधान एवं कानून द्वारा शासित होने पर ही आजादी का उपभोग किया जा सकता था। इसका तात्पर्य यह है कि 26 जनवरी 1950 के पूर्व तक हम आंशिक रुप से ब्रिटेन की गुलामी को ही भोग कर रहे थे। शायद इसीलिये न की नावना में ये शब्द हैं:-"हम भारत के लोग भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा इसके नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार रखने तथा प्रकट करने, विश्वास, धर्म और पूजा की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा व अवसर की समानता प्राप्त कराने तथा उन सब में व्यक्ति का मान और राष्ट्र की एकता निश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिये दृढ संकल्पित होकर....इस संविधान को अपनाते हैं।"

संविधान के आरंभ में उल्लिखित इन पंक्तियों से स्पष्ट है, कि 15 अगस्त, 1947 के दिन मिली आजादी अधूरी थी। वास्तविक आजादी तो हमें 26 जनवरी, 1950 को ही मिली थी। अतः गणतंत्र दिवस का विशेष महत्व है। यही दिवस तो वास्तविक आजादी का प्रतीक है।

इस वर्ष हम गणतंत्रता की 75वां सालगिरह मना रहे हैं। आज से 75वां साल पहले हमने विश्व के सबसे लंबे संघर्ष के बाद देश को विदेशी परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराया था, और साथ ही एक स्वावलंबी, स्वतंत्र एवं समझद भारत का सपना देखा था, जिसमें किसी की आंखों में पीड़ा, अभाव के आंसू न होंगे, विषमता असमानता की खाई न रहेगी, अन्याय शोषण के कुचक्र से सब मुक्त रहेंगे और अपने संपूर्ण स्वराज्य, पूर्ण स्वतंत्रता के आदर्श को साकार करेंगे। लेकिन स्वतंत्रता की आधी शताब्दी से अधिक वर्ष बीत जाने के बाद भी देश आज जिस मोड़ पर खड़ा हैं उसकी तस्वीर कोई बहुत अच्छी नहीं है। अब राजनीति सेवा की बजाय स्वार्थसिद्धि एवं शोषण का पर्याय बनी हुई है। भ्रष्टाचार तो जैसे समूची व्यवस्था का ही महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

चारो ओर आर्थिक विषमता, जातीयता, अलगाववाद, सांप्रदायिक हिंसा, आतंकवाद एवं अराजकता का साम्राज्य फैल रहा है। उदारीकरण के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आगमन एवं बढ़ते पाश्चात्य प्रभाव ने पतन पराभव को परावलंबनता के शिकंजे को और कस दिया है। जनता की अधिकतम भागीदारी व हित सुरक्षा एवं कल्याण के उद्देश्य से अपनाई गई लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत हम कहने के लिये विश्व का सबसे बड़ा लोक तांत्रिक देश होने का गर्व कर सकते हैं, किंतु इसका बढ़ता हुआ आंतरिक खोखलापन यथार्थता पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। छिहत्तर वर्षों में उपलब्धियों के नाम पर उद्योग, विज्ञान, कृषि वाणिज्य, कला, साहित्य, आदि विविध क्षेत्रों में उपलब्धियों की तालिका बनाई जा सकती है, किंतु गहराई से देखने पर स्थिति मूल रूप से चिंतनीय एवं भयावह बनी हुई है। भारतीय व्यवस्था से जुड़ी सभी क्रियाकलापों का पलड़ा बहुत तेजी से धनबल एवं बाहुबल से संपन्न वर्ग के पक्ष में झुक गया है। हम जिस न्याय प्रणाली को आज निष्पक्ष मान रहे हैं, वह वास्तव में ताकतवर लोगों के हाथों की कठपुतली भर मात्र है। सामान्यजन से इसका कोई ताल्लुक नहीं हैं। गरीबों के लिये न्याय दुर्लभ होता जा रहा है। जो न्याय का दरवाजा खटखटाते हैं, उन्हें कितना न्याय मिल पाता है वह इसी बात से जाना जा सकता है कि लाखों मुकदमें तो ऐसे हैं, जो पच्चीस वर्ष से विधाराधीन है। अब लगता है कि भारत में लोकतंत्र का मात्र पिंजर खड़ा है इसकी आत्मा तो कबकी इसे छोड़ गई है। आज की ऐसी विषम परिस्थिति को संम्हाल सकने वाली शक्तियां राजनीति लोकसेवा की बजाय सत्ता लोलुपता एवं स्वार्थ सिद्धि का भयानक तांडव खेलने में ही व्यस्त हैं। जनसेवा एवं नैतिक आदर्शों से लगाव तो अब इतिहास के पन्नों या मंचों पर भाषण अथवा बीते जमाने की बातें भर रह गई है। इसका स्वरुप इतना गंदा व भ्रष्ट हो गया है कि अच्छे व समझदार लोग इसमें आने से डरते हैं। इस तरह 75वां वर्षो की यात्रा में हम जहां खड़े हैं, वहां विकास प्रगति के मुखौटे के पीछे सर्वतोमुखी पतन एवं निराशा के मुखौटे छाए हुये हैं। हम पश्चिमी चकाचौथ में आकर उसका अंधानुकर करते रहे व अपनी आत्मा की भूल बैठा छिहत्तर साल पहले हमने राजनैतिक स्वतंत्रता की लड़ाई अवश्य जीत ली थी, लेकिन सांस्कृतिक रूप से अभी हम परतंत्र ही है। नैतिक रूप से हमारा परिष्कार होना बाकी ही रह गया है। और यही हमारी वर्तमान दुर्दशा का प्रमुख कारण है। आज देश के गणतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिकों से यह आव्हान है कि वे वर्तमान भोगवादी और भ्रष्ट धारा मे अपने वजूद की न बह जाने दें। वे भारतीय सनातनीय संदेशो को स्मरण कर उसे धारित करने की प्रयास करें, और उसकी ऊर्जा से पुनः अपने उसी राष्ट्रीय गौरव पर प्रतिष्ठित हो जाएं जिसकी कल्पना हम सबने स्वराज प्राप्ति के अवसर पर किया था।

"सौ सौ निराशाएं रहे विश्वास यह दृढ मूल है। इस आत्मसलीला भूमि को, वह विभु न सकता भूल है। अनुकूल अवसर पर दयामय, फिर दया दिखलाएंगे। वे दिन वहां फिर आएंगे, फिर आएंगे, फिर आयेंगे ......।।

"सौ सौ निराशाएं रहें
विश्वास यह दृढ मूल है।
इस आत्म सलीला भूमि को
यह विभू ना सकता भूल है
अनुकूल अवसर पर दयामय
फिर दया दिखलाएंगे,
वे दिन यहां, फिर आएंगे।
फिर आएंगे, फिर आएंगे..!

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 49: श्री राम ने गुरु विश्वामित्र के यज्ञ को सफल कर दिया

डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय



मारीच ने अपनी संपूर्ण शक्ति को एकत्र किया और वह अर्धचेतना में जैसे-तैसे समुद्र के जल से बाहर निकला। वह राम की शक्ति को जान गया था और वर्तमान में उसमें इतनी शक्ति नहीं बची थी कि वह अधिक दूरी तक जा सके। वह निष्पंद वहीं पर पड़ा रहा।

श्री राम के अस्त्र से मारीच को अचेत होकर उसे युद्धस्थल से तेजी से अज्ञात दिशा की ओर प्रक्षेपित होते देखकर शेष राक्षसों का मनोबल टूटने लगा।

राम ने अंतिम चेतावनी दी, "अभी भी समय है मूर्ख राक्षसों! यहां से भाग जाओ और कभी इस क्षेत्र में दिखाई मत देना।"

सुबाहु अपने बड़े भैया मारीच के इस पराभव से दुखी था। उसने राक्षसशक्ति में नए उत्साह का संचार करने के लिए श्री राम को चुनौती दी,

"हम यहां से भागने के लिए नहीं आए हैं बल्कि विश्वामित्र को सदैव के लिए यज्ञ और हवन से विमुख करने के लिए आए हैं। मैं अभी तुम्हें बताता हूं कि राक्षसों का प्रतिकार करने का क्या परिणाम होता है।"

सुबाहु ने श्री राम की ओर एक अस्त्र छोड़ा और देखते ही देखते उससे जल की अनेक तेज धाराएं फूट पड़ीं। अगर यह जल यज्ञ की प्रज्वलित अग्नि तक पहुंच जाता तो संपूर्ण यज्ञ ही विफल हो जाता। श्री राम ने आग्नेयास्त्र का संधान किया। यह तेजी से सुबाहु की दिशा में बढ़ा और धरती पर गिरने वाली जल की तीव्र धाराएं इसी में समाहित होती गईं। इससे उनके बाण के शीर्ष पर प्रज्वलित प्रचंड अग्नि में कोई कमी नहीं आई और एक क्षण में इसने सुबाहु की छाती को भेद दिया। वह निशाचर जलने लगा। सुबाहु धरती पर गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। राम तथा लक्ष्मण ने मिलकर थोड़ी ही देर में शेष राक्षसों का संहार कर दिया।

विश्वामित्र जी का यज्ञ निर्बाध हो गया। सजग राम और लक्ष्मण इस यज्ञ की पूर्णाहुति तक पूरी तरह सतर्क बने रहे। विजय के बाद भी राम और लक्ष्मण राक्षसों के संभावित आक्रमण को लेकर असावधान नहीं थे।यज्ञ की पूर्णता के अवसर पर गुरु विश्वामित्र का मन पफुल्लित है। उनका उद्देश्य पूरा हो गया है। उन्होंने अपनी आंखें खोलीं। अग्निदेव अंतर्धान हुए। यज्ञ क्षेत्र में अपने सूक्ष्म रूप में पधारे हुए सभी देवगण का महर्षि विश्वामित्र ने प्रणाम और अभिनंदन किया तथा यज्ञ की पूर्णता की घोषणा कर दी।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## कविता

### मेरा गणतंत्र भारत

विविधताओं की इस देश में,
तरह-तरह की झांकी है।
जनगणमन, वन्दे मातरम् से,
भारत पर्व को मानती है।
26 जनवरी सन1950 का,
जो संविधान याद दिलाती है।
जम्मु से कन्याकुमारी तक,
एक सूत्र में बांधी जाती है।
भील, कोरकु, जाट, मराठा,
पंजाबी कोई गोरखा मद्रासी है।
जो राष्ट्र धर्म सत्कर्म निभाए,
वहीं सच्चे भारतवासी है।
जिसके कोख पर्वत-पठार,
मैदानें, नदियां बलखाती है।
संपन्न सर्वदा पूर्ण हो धरा,
नित्य कर्म पथ बढ़ाती है।
ना दुष्ट न हो कोई बैर यहां,
राष्ट्र मित्रता पाठ पढ़ाती है।
ध्वज तिरंगा त्रिगुणों से,
बार-बार निज समझाती है।
बनो वट वृक्ष, दहाड़ बाघ,
स्तंभ अशोक, खेलें जहां
हाकी है।

रुपया, आमजनों तक,
साका कैलेंडर तिथि बतलाती है।
पढ़ो हिन्दी, सत्यमेव जयते,
भोर कमल पुष्प खिलाती है।
भारत रत्नों से हो सुशोभित,
गंगा, जमुना निर्मल बहाती है।
जलेबी से हो मीठे बोल,
विरासत की पशुएं हाथी है।
श्वेत पत्र सा संदेश मिले,
वन मोर झूम इठलाती है।
बनो अटल राष्ट्र हो सफल,
उत्तर हिमालय की छाती है।
करो समृद्ध खुशहाल सपूतों,
भारत मां पास बुलाती है।।



मदन मंडावी (प्रधान पाठक)
ग्राम-ढ़ारा (करेला) डोंगरगढ़
मो. - 7693917210
राष्ट्र सर्वोपरी

# भारतीय संविधान के स्थापना का पर्व गणतंत्र दिवस

अशोक पटेल "आशु"



26 जनवरी गणतंत्र दिवस हमारे देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय पर्व, जिसको मनाने के लिए हमारे देश की जनता आतुर होती रहती है। और धूमधाम के साथ तैयारी में लग जाती है। यह पर्व हमारे लिए विशेष महत्व रखता है, जिसको मनाने के लिए तन मन मे आशा विश्वास, और उत्साह के साथ राष्ट्रीयता की भावना अनायास ही जाग जाती है। गणतंत्र दिवस हमारे लिए वह पर्व है, जिसने हमारी खोई हुई अस्मिता, खोया हुआ स्वाभिमान, खोया हुआ अधिकार, खोया हुआ सम्मान हमे वापस दिलाने के लिए एक नई इबादत लिख दिया था। जिसके कारण आज हम अमन चैन के साथ स्वतन्त्रता के साथ भारत की पावन मिट्टी में जी पा रहे हैं। आइए हम नमन करें, आभार प्रदर्शन करें उन महापुरुषों को, उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को जिन्होंने अपना तन मन धन समर्पित कर देश की आन-बान-शान मर्यादा, स्वाभिमान को बचाए रखने में अपनी महती भूमिका निभाई है। जिन्होंने अपने प्राणों की बलि देकर हमारे देश को आजाद कराया। उनको नमन करें, जिनके चलते



आज हम चैन की सांस ले पा रहे हैं। इस आजादी से हमारी अपनी लोकतंत्र की स्थापना हो पायी।यह हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार था। इस उपहार को पाकर हमे यूँ ही नही भूलना चाहिए। इस उपहार के लिए हमारे देश के महापुरुषों ने जो त्याग बलिदान समर्पण किया है उसे भुलाया नही जा सकता। जिनमें डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद, पंडित नेहरू, डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के योगदान को सदा याद किया जाना चाहिए, जिन्होंने हमारे देश के संविधान को मूर्त रूप दिया। जिन्होंने हमारे देश की जनता को यह संविधान समर्पित किया। हर साल हम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं इस वर्ष भी हम 74 वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हैं, इसी दिन हमारे देश का संविधान लागू किया गया था। और इस सविधान में ये संकल्पना की गई है कि हमारे देश में भय, भूख, गरीबी, अशिक्षा, असमानता, गुलामी हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाए। इसके लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू 31 दिसम्बर 1930 को रावी नदी के तट पर धरना पर आते हुए पूर्ण स्वाधीनता दिवस 26 जनवरी को मनाने की घोषणा की थी। और वह शुभ दिन आया भी। 1947 में स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी को संविधान सभा मे अध्यक्ष के रूप में चुने गए। और वे इसके अस्थायी सांसद के रूप में कार्य भी किया। संविधान बनाने के लिए डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता जिनकी भूमिका अहम मानी जाती है। 26 नवंबर 1949 का दिन को अहम माना जाता है, वह दिन इतिहास में स्वर्ण अक्षर में अंकित हो गया। इस तरह से संविधान सभा ने डॉ.बी.आर. आंबेडकर की अध्यक्षता में जो प्रारूप तैयार किया था। उसको स्वीकार किया। और इसी रूप में संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ। जिसको बनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगा था।तो आइए ऐसे विश्व से अलग और महान भारत के इस संविधान का हम मान-सम्मान करें। जिसने हमे, सब कुछ देने के लिए कृत संकल्पित हैं। और हम यह संकल्प करें कि हमारे देश से भय, भूख, गरीबी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार, असमानता, अराजकता, आतंकवाद, आदि का खात्मा करें। और रामराज्य के सपनो को साकार करेंगे। तभी यह गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व सार्थक हो सके।

मेघा, धमतरी(छ.ग.) 9827874578

## कविता

### गणतंत्र दिवस अमर रहें



आओ फहराएं तिरंगा फर-फर,
आन बान और शान है तिरंगा,
सदा इनका सम्मान करें।।
आजादी की अमृत महोत्सव,
घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा।
भारत मां की वीर सपूतों को,
सौ-सौ बार हम नमन करें।।
सत्य, अहिंसा, अमन, शांति का,
जिसने दिया है सुन्दर सा पैगाम।
तहे दिल से सादर करते है प्रणाम,
देश भक्ती की अविरल धारा को सत्कार करें।।
शत-शत् नमन है उन महापुरुषों को,
जिन्होनें अपने प्राणों की दी है बलिदानी।
वंदे मातरम, जय हिंद, जय भारत,
गणतंत्र दिवस अमर रहें हम सभी गुनगान करें।।
आसमान से ऊंचा हमारा जहान है,
सारे जहां से अच्छा हमारा हिंदुस्तान है ।
भारत माता की जय तिरंगे झंडे की जय,
मिल जुलकर हम सब गीत गान करें।।

डोमेन्द्र नेताम (डोमू)
मुण्डाटोला डौण्डीलोहारा
जिला- बालोद (छ.ग.)
मो.9669360301

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों में फाइनेंस का ध्यान जरूर रखें। आज व्यवसायियों के साथ चल रही प्रतिस्पर्धा से दूर रहें। आज नौकरी कर रहे लोगों को कार्यभार की अधिकता की वजह से व्यस्तता रहेगी औरअतिरिक्त समय भी देना पड़ेगा। आपकी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सकारात्मक विचारधारा के लोगों के संपर्क में रहने का अवसर मिलेगा। आज अपनी मूल्यवान वस्तुओं को बहुत संभालकर रखें, साथ ही अनावश्यक बढ़ते खर्चों पर भी अंकुश लगाएं। आज छात्रों को अपने करियर संबंधी चिंता रहेगी।

**मिथुन** — अधिकतर व्यावसायिक काम समय पर निपट जाएंगे। परंतु कार्यभार की अधिकता अभी बनी रहेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। व्यापार में लिए गए ठोस औरमहत्वपूर्ण निर्णय फायदेमंद साबित होंगे। शुभ रंग- सफेद शुभ अंक- 9 मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी विशेष प्रयोजन को हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगे और काफी हद तक सफल भी रहेंगे। आज घर में नवीन वस्तु की खरीदारी भी संभव है। साथ ही निकट संबंधियों की भी आवा:जाही बनी रहेगी। आज अचानक कुछ खर्चे सामने आएंगे।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपके प्रयासों से परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। लेकिन सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर विचार अवश्य करें। अपरिचित लोगों पर बिल्कुल भी भरोसा ना करें।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए ठीकःठाक रहने वाला है। बिजनेस में निजी कामों के कारण बिजनेस में लापरवाही न करें। हर काम योजना बनाकर पूरा करने की कोशिश करें। नौकरी कर रहे लोग को काम की अधिकता की वजह से ऑफिस ससे घर पहुँचने में देर होगी। आज आपको कोई खास उपलब्धि मिलने वाली है।

**तुला** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। अपने ऊपर भरोसा रखें, दूसरों की बातों में आकर कोई निर्णय लेने से बचे।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपके द्वारा कई तरह की गतिविधियां होने वाली है। अपनी दिनचर्या और व्यक्तित्व के प्रति जागरूक रहें। आज आपको आय के कई मौके मिलने वाले है। इस मौके को हाथ से ना जाने दें। अपनी योजनाओं को गोपनीय तरीके से शुरू करेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे, जिसका अच्छा रिजल्ट आयेगा। आज किसी समस्या का समाधान मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जिससे आप अपने आपको पुनः ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई उपलब्धि मिलने की उम्मीद है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप पिछले कुछ समय से की गई गलतियों से सीख लेंगे और आगे बढ़ेंगे। इस तरह की गई कोशिश से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा औररिश्ते में भी मधुरता बढ़ेगी। आज आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत भी करेंगे। घर में कोई मांगलिक कार्य संबंधी योजना भी बनेगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपके उचित सहयोग और व्यवस्थित रहने से घर और व्यवसाय दोनों जगह शांत वातावरण बना रहेगा। नजदीकी यात्रा भी संभव है जो की लाभदायक रहेगी। रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ भी कुछ समय बिताने से रिश्ते में मजबूती आएगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका कोई व्यक्तिगत कार्य संपन्न होने वाला है। सामाजिक गतिविधियों में अपनी उपस्थिति जरूर रखें। साथ ही अनुभवी औरसकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ में रहे। इससे आपका विचार शैली में नयापन आएगा। आज बेवजह की गतिविधियों में समय नष्ट ना करें।



समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...

चंद्रिका प्रसाद ड़डसेना
उपाध्यक्ष : जिला भाजपा, राजनांदगांव

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

टोमन साहू
अध्यक्ष-भारत स्कॉउट एवं गाईड
डोंगरगांव ब्लॉक

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कैलाश शर्मा
मंत्री जिला भाजपा राजनांदगांव

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गप्पू सोनकर
पार्षद वार्ड क्र.31, लखोली, राजनांदगांव

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सरला साहू
सरपंच- ग्राम पंचायत कन्हारगांव
जैन मेश्राम
उपसरपंच
गंगाधर साहू
सरपंच प्रतिनिधि कन्हारगांव
चन्द्रकुमार रजक
सचिव
चन्द्रेश मेश्राम
ग्राम रोजगार सहायक
पंचगण- देवी बाई, सावित्री बाई, सतानंद कंवर, नामदेव साहू, दिना कंवर, फुलेश्वरी साहू, धर्मेन्द साहू, खेमीन साहू, डूमेश्वरी पटेल, रेवती बाई, सोहद्रा बाई, कुंभकरण गोड़, पार्वती गोड़, कलाबाई, प्रितम साहू
विनीतः - ग्राम पंचायत कन्हारगांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं.....
ग्राम पंचायत अरजकुण्ड
वि.खं. छुरिया जिला-राजनांदगांव
नरेन्द्र कुमार भुआर्य
सरपंच
शिवम बघेल
सचिव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं.....
हुरेन्द्र साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत बड़भूम
वि.खं. डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव
महेश सोनटेके
सचिव
हेमंत साहू, गंगदेव साहू, रमीता रात्रे,
ज्योति मानिकपुरी एवं समस्त पंचगण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं.....
सेवा सहकारी समिति- गिदर्री
पं. क्रमांक-573
समस्त सहयोगी स्टॉफ
द्वारिका पटेल
समिति प्रबंधक

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं.....
कोमल महानदिया एवं प्रमीला महानदिया
पूर्व सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता एवं
रंगकर्मी ग्राम खुर्सीटिकुल
वि.खं. छुरिया जिला-राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं.....
सेवा सहकारी समिति रतनभाठ, पंजीयन क्रमांक 1308
जीधन देवांगन
समिति प्रबंधक
समस्त सहयोगी स्टॉफ
वि.खं. छुरिया जिला-राजनांदगांव
महेश देवांगन
सहायक प्रबंधक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं.....
देवव्रत खोब्रागढ़े
समाजसेवी, ग्राम पंचायत मुचेदण्ड
वि.खं. छुरिया-जिला राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं.....
सेवा सहकारी समिति सम्बलपुर
पंजीयन क्रमांक 504
समस्त सहयोगी स्टॉफ
कुंवर सिंह कंवर
समिति प्रबंधक

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....
चोवाराम सिन्हा-पुष्पलता सिन्हा
ग्राम पंचायत अरजकुण्ड
वि. खं. छुरिया-राजनांदगांव

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी जरूरी-कलेक्टर




स्कूली छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला समूहों ने रंगोली बना कर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

मोहला (दावा)। 25 जनवरी 2024 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत मोहला के सभागार में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम में भावी एवं नवीन मतदाताओं को एपिक कार्ड प्रदाय कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी.एल.ओ. को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्कूली छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला समूह ने रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस. जयवर्धन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा वाला देश है। भारत की जनता अपना मताधिकार का प्रयोग कर सरकार का गठन करती है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने नवीन एवं भावी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने जा रहे सभी नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। इस अवसर पर कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुश्री दीप्ति गौते, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी हेमंत ठाकुर, जिला मास्टर ट्रेनर शाहिद कुरैशी, बुजुर्ग मतदाता, भावी मतदाता स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उदयाचल में सुशील कोठारी करेंगे ध्वजारोहण



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की अग्रणी समाज सेवा संस्था उदयाचल में प्रतिवर्षानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाता है इस वर्ष नगर के समाज सेवी दैनिक सबेरा संकेत के प्रमुख संपादक सुशील कोठारी द्वारा प्रातः 8 बजे उदयाचल प्रांगण में ध्वाखारोहण किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना एवं सचिव धर्मेन्द्र जैन ने सभी सदस्यों को इस अवसर पर महिला मंडल एवं युवा मंडल के सदस्यों के साथ उपस्थित होने की अपील भी की है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना - डॉ. के. एल. टांडेकर




० बेटियां समाज का आधार स्तंभ है एवं देश का भविष्य है - प्रो. ललिता साहू ० समाज कार्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। समाज कार्य विभाग शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से नंदई चौक तक रैली का आयोजन किया गया, तदुपरांत महाविद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन में एवं समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया है। रैली में विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न नारे लगाए गए। जिसका उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में भाषण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है, बेटियां समाज का आधार स्तंभ है एवं देश का भविष्य है। समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज समाज में विभिन्न स्तर पर सशक्त महिलाएं हैं वहीं दूसरी ओर ऐसी बालिकाएं भी है जो आधारभूत सुविधाओं से वंचित है, इस दिवस का उद्देश्य इन बालिकाओं को सशक्त बनाना है तथा आधारभूत सुविधाओं से परिपूर्ण बनाना है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान पर चयनित विद्यार्थियों को प्राचार्य के द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन अतिथि प्राध्यापक तारिणी साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग अध्यक्ष डॉ ए.के. मंडावी, डॉ प्रियंका लोहिया, श्रीमती चित्रांशी राठौर, विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, तारिणी साहू, श्रीमती शालिनी सोनी उपस्थित रहे।

# जिला में गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से मनाये जाएंगे- कलेक्टर

**खैरागढ़(दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ध्वज फहराएंगे। कलेक्टर ने तैयारी बैठक में मुख्य समारोह को गरिमामयी तरीके से मनाने के निर्देश दिए।**

गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में सांसद संतोष पाण्डेय फहराएंगे ध्वज, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा मुख्य आकर्षण

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिला मुख्यालय खैरागढ़ के स्व. राजा फतेह सिंह खेल मैदान में होने वाले समारोह के आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से मनाने के निर्देश दिए। आगे कहा कि समारोह के दौरान अतिथि सत्कार, बैठक, कार्यक्रम की प्रस्तुति आदि अन्य में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नही होनी चाहिए। मुख्य अतिथि, वशिष्ट अतिथि, शहीद के परिवार के आगमन सहित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए तैयारी का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने साज-सज्जा, स्वच्छता, बेरिकेट्स के लिए बांस बल्ली, पेयजल के लिए पानी टैंकर, विद्युत व्यवस्था, सांझा कबूतर, गुब्बारे, रंगोली और पार्किंग की व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर निर्देश दिए।

गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के संदेश वाचन, परेड, झांकी सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होगा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करने की घोषणा की और सभी अधिकारियों से उनके दायित्वों का संबोधन करते हुए गंभीरता से उनके निर्वहन की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ जुड़ी झांकियां तैयार करने के लिए भी निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, डॉ. नेहा कपूर, एसडीएम प्रकाश राजपूत, एसडीओपी लालचंद मोहले, संयुक्त कलेक्टर डॉ. ज्योति पटेल, आभा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर साहू सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल



राजनांदगांव (दावा)। जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वाधान के अंतर्गत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन स्थानीय जिला संयुक्त भजन मानस भवन, बजरंगपुर, नवागांव में किया गया है।

इस कार्यक्रम में संघ के समस्त मंडलियां राष्ट्रीय भजन गीत प्रस्तुत करेंगे। संघ के सचिव ने सभी मंडलियों एवं जन मानस से अपील की है, अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पुलिस प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण





राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेन्ट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग के कक्षा 5वीं से 8वीं तक विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण की अगली कड़ी में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव को भ्रमण किया। उक्त स्थल पर बच्चों को पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने के गुर सिखाने के साथ.साथ ही पुलिसबल के जवानों द्वारा उपलब्ध औजारों के बारे में बारी-बारी से बच्चों को बताया कि यह औजार कब-कब किस हालातों में और कैसे इनका उपयोग किया जाता है।

भ्रमण की इस अगली कड़ी में अधिकारियों द्वारा बच्चों को दुश्मनों, नक्सलाइडों या विद्रोहियों से कैसे मुकाबला किया जाता है। इन गतिविधियों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन फटाखों एवं बस फोड़कर, जवानों की दो टोलियॉ, सेनाबल एवं विद्रोहियों को आमने सामने का मुकाबला होते हुए प्रदर्शित किया गया। इन गतिविधियों को देखकर बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला एवं अंत में बच्चों से उनके अंदर की जिज्ञासा भरे प्रश्नों के जवाब देकर बच्चों का मनोबल और बढ़ाया गया। जिससें बच्चें हर्षोल्लास से सराबोर हुए। जिससे इन बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। उक्त कार्यक्रम की समाप्ति पश्चात स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी ने भदौरिया जी एवं उनकी टीम के जवानों की मुक्तकंठ से सराहना की एवं बच्चों को देश प्रेम के साथ देश भक्ति गुर सिखाने वाले सभी पदाधिकारियों एवं जवानों का आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर कक्षा शिक्षिकाओं-शिक्षकों एवं सहयोगी स्टॉफ के द्वारा सुरक्षा चक्र बनाकर बच्चों को बीच में रखकर यह भ्रमण कराते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उक्त अवसर पर शाला प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई उपस्थित रहीं।

## आस्था मूक बधिर शाला में धूमधाम से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस

राजनांदगांव। आस्था मूक बधिर शाला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी 75 वा गणतंत्र दिवस पर्व आस्था शाला परिसर में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया, संस्था के पुष्ट सूत्रों के अनुसार इस वर्ष भी ध्वजारोहण प्रातः ठीक 06.50 बजे किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में श्रीमती किरण अग्रवाल, श्रीमती रेखा सदानी, डॉ.प्रकाश सदानी(हृदय रोग यज्ञ) डॉ.राजेश सदानी, डॉ.अनुपमा सदानी, डॉ.विजय दामले, राजा माखीजा प्रदेश मंत्री, चैम्बर ऑफ कॉमर्स पंकज श्रीवास्तव, मैनेजर, पीएनबी कमलकांत, मैनेजर, पीएनबी योगेश शर्मा, मैनेजर, पीएनबी, लखनऊ विमल हाजरा(सबेरा संकेत) लायन्स क्लब आफ राजनांदगांव सिटी परिवार, पतंजलि योग समिति के पांचों संगठन योगासन स्पोर्ट्स एसोसियेशन परिवार, एवं पद्मश्री एवं साथी, दुर्ग के आथित्य में संपन्न किया जायेगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह में सभी सदस्य बंधुओं से, पालकों से दिव्यांग नौनिहालों के उत्साहवर्धन हेतु शामिल होने अपील की है।

## सतनामी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र. 5041 जी.ई. रोड राजनांदगांव के तत्वावधान में आगामी माह 11 फरवरी को राजनांदगांव जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जावेगा। उक्त संबंध में जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलारी, समिति के प्रबंधक पी.आर. देशलहरा के संयुक्त रूप से बताया कि यह आयोजन समाज के विवाह योग्य युवक-युवती के लिए सतनाम भवन जी.ई. रोड में 11 फरवरी को आयोजित किया जावेगा।

# राम के अयोध्या आने की खुशी में झूम उठे लखोली के हनुमान भक्त



विशाल कलश यात्रा में महिलाओं ने की बढ़-चढ़कर भागीदारी

राजनांदगांव(दावा)। शहर के दुर्गा चौक लखोली प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को भगवान राम के अयोध्या पधारने की खुशी में मंदिर समिति के सदस्य पदाधिकारी सहित बस्ती वासी झूम उठे।

इस अवसर पर सुबह से शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आकर्षक ढंग से सजाए गए हनुमान मंदिर में हवन पूजन के साथ 108 कलश की यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा रैली में युवा मातृशक्ति नारी शक्ति सभी वर्गों ने भाग लिया श्री राम के जय घोष और भजन जय श्री राम के नारे गूंजते रहे समिति के पदाधिकारी सदस्य सहित वार्ड के धर्म प्रेमी नागरिक शामिल हुए। माता एवं बहन एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए भक्त जनों ने भगवा वस्त्र एवं पीला वस्त्र पगड़ी पहने हुए राम मय हो गए। हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए डीजे के धुन में जय श्री राम के जय घोष करते हुए माहौल राममय हो गया। शाम के समय प्रसाद वितरण के साथ बहुरंगी आतिशबाजी का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जय श्री राम के गुज के साथ राम भजनों के धूम रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मांगन दास साहू, गजानन साहू, हीरा दास साहू, तरुण साहू, डीलेश्वर साहू, दिलीप साहू, यशवंत साहू, नागेश्वर साहू, भानु प्रताप साहू, रोशन साहू, लल्ला साहू, दिनेश साहू, अभिषेक साहू, राहुल साहू, योगेश साहू, चैतन्य साहू, भूपेंद्र साहू, शैलेश यादव, चंदन साहू, विजय साहू, डॉक्टर लोकेश साहू, नीरज साहू, शुभम साहू, रानू साहू, गिरधारी साहू, मनहरण साहू, सोनू साहू, परमेश्वर जांघेल, दीनबंधु श्रीवास, रामचरण साहू,यमन साहू सहित समस्त वार्डवासी उपस्थित है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन, सांसद द्वारा किया गया 181 लर्निंग लायसेंस का वितरण



50 लोगों को हेलमेट वितरण कर, दुपहिया वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट पहनने दिये समझाईश

राजनांदगांव (दावा)। 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दसवें दिन मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डे, कलेक्टर संजय अग्रवाल, अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की उपस्थिति में सांसद संतोष पाण्डे के कर कमलों द्वारा लर्निंग लायसेंस शिविर के दूसरे दिन 181 लोगो को लर्निंग लायसेंस वितरण कर 50 लोगों को हेलमेट वितरण कर दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने समझाईश दिया गया।

कार्यक्रम में अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल एवं उपपुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक एवं यातायात स्टाफ उपस्थित थे। इसी प्रकार लर्निंग लायसेंस शिविर 25 जनवरी को भी जारी रहेगा एवं माह फरवरी में 03, 04 एवं 05 तारीख को शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें। साथ ही आवश्यक दस्तावेज 10वीं या 08 वीं मार्कशीट या पेन कार्ड, लोकल आईडी प्रुफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, 01 पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है।

आम लोगो को यातायात नियमों का पालन करने लगातार अपील की जा रही है। साथ ही राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगों से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

# राष्ट्रहित सर्वोपरि की महत्तम धारणा को आत्मसात करें - द्विवेदी



गणतंत्र दिवस चिंतन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय गणतंत्र की स्थापना के अमर दिवस 26 जनवरी के परम गौरव परिप्रेक्ष्य में नगर के विचारप्रज्ञ प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक विचार चिंतन टीप में बताया कि हमारे राष्ट्रीय दिवस और उनका भव्य आयोजन हमेशा जन-जन सर्वजन को राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रबोधत्व के साथ राष्ट्रहित सर्वोपरि की उत्कृष्टतम भावना को आत्मसात करने एवं नित्य कर्म व्यवहार में प्रमुखता से क्रियान्वित करने की अनुपम अभिप्रेरणा देता है।

राष्ट्रीय दिवस के सभी आयोजन ग्राम स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक मुख्य रूप से कैलेण्डर वर्ष में हुए आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में हुई प्रमुख उपलब्धियों, समृद्धि को मानक स्वरूप में प्रदर्शित कर देश-धरती के समस्त जनों में राष्ट्रीय एकता-अखण्डता को सुदृढ़ रखने और सर्व जन-गण में राष्ट्रबोधत्व को प्रखरता से धारण करने के लिए भी संकल्पबद्ध करते हैं। राष्ट्रध्वज वंदना, राष्ट्रगान, सैनिक परेड, अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन तथा राष्ट्रीय उदघोष वन्देमातरम, भारत माता की जय, जय-हिन्द, जय जवान-जय किसान आदि सभी का भव्य-दिव्य सार्व प्रदर्शन वस्तुतः आम नागरिकों को राष्ट्रभक्ति सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने की अनमोल श्रेष्ठ-श्रेयष्कर भावना को चिरस्थायी बनाये रखने की अनिवार्य अभिप्रेरणा अवसर होते हैं।

साथ ही वर्तमान युवा-किशोर-बाल पीढ़ी एवं प्रबुद्ध वर्ग को हमारे गौरवशाली इतिहास, अद्वितीय सांस्कृतिक मूल्यों-परंपराओं को जानने-समझने का विशिष्ट अवसर भी सहज-सरल रूप में प्रदत्त कराते हैं।

आगे डॉ. द्विवेदी ने विशेष रूप से उद्घत किया कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वच्छ न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों, महापुरूषों के अमर बलिदानों को सर्वदा स्मृत रखने और उससे प्रेरणा लेने तथा भारतीय गणतंत्र को निरंतर समृद्धि और विकास की यात्रा में लगे असंख्य कर्मियों की सेवाओं को स्मृत करने की भी अनमोल प्रेरणा देने वाले हमारे राष्ट्रीय दिवस अपने नागरिक दायित्वों, कर्तव्यों के प्रति जागृत रहने और उनका बढ़-चढ़कर पालन करने की भी विशेष अभिप्रेरणा देते हैं। आइये हम सभी राष्ट्र एवं राष्ट्रहित सर्वोपरि की अतीव महत्तम धारणा को हृदयंग्म करें यही हमारे गणतंत्र दिवस का सर्व के लिए श्रेष्ठ-सार्थक संदेश होगा।

## आकाशवाणी से विजय मिश्रा का कहानी पाठ



रायपुर (दावा)। आकाशवाणी रायपुर केंद्र द्वारा प्रसारित साहित्य पत्रिका पल्लवी के अंतर्गत विजय मिश्रा ''अमित'' अपनी कहानी ''मरदा'' का पाठ करेंगे। पत्रिका पल्लवी का सम्पादन आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिशासी प्रकाश उदय ने किया है। प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार रंगकर्मी विजय मिश्रा द्वारा लिखित ''मरदा'' कहानी बेहद मार्मिक है। जिसका प्रसारण 27 जनवरी को प्रातः 10 बजे आकाशवाणी के रायपुर केंद्र से होगा। पंद्रह मिनट की कहानी ''मरदा'' में रक्तदान के लिए प्रेरणा सहित यातायात नियमों की अवहेलना, सड़कों पर बारात निकासी से निर्मित जाम के दुष्परिणामों का प्रभावशाली चित्रण किया गया है।

# विकासखंड स्तरीय अंगना म शिक्षा एक दिवसीय कार्यशाला



खैरागढ़ (दावा)। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संबंधित समग्र शिक्षा राजनांदगांव एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वय के निर्देशानुसार 12 जनवरी को विकासखंड कार्यालय खैरागढ़ में विकासखंड स्तरीय अंगना म शिक्षा 0.4 का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना के साथ हुआ। आज का प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड स्तर शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुजीत चौहान एवं डाइट खैरागढ़ के अकादमिक सदस्य डॉ. मोनिका सिंह, अंगना में शिक्षा के जिले के प्रभारी जयदेव यादव सर एवं एफएलएन के जिला स्तरीय प्रभारी ज्योति प्रसाद प्रथम की टीम से रेखालाल कौशिक डीआरजी के रूप में भुनेश्वरी लहरे एवं राखी जोगी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। भुनेश्वरी लहरे अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्यों को बतलाया गया तथा जनवरी माह के गतिविधि को आगे बढ़ते हुए भाषा की गतिविधि को आ ओ वर्णों से शब्द बनाए तथा आ ओ बंडल बनाएं जैसी गतिविधि को संपन्न कराया गया तथा मास्टर ट्रेनर राखी योगी के द्वारा फरवरी माह से संबंधित गतिविधि कराई गई। इस गतिविधि में प्रशिक्षण प्रशिक्षण में उपस्थित सभी के शिक्षकों को कुर्सी दौड़ के साथ बाते करना। जिसमें विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों को गोटा खेल कर गिनती सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

शिक्षा के सभी पहलू पर प्रकाश डालते हुए बहुत ही बेहतरीन ढंग से प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में 4.0 के अंतर्गत माह जनवरी फरवरी एवं मार्च के भाषाएं एवं गणित गतिविधि माह अप्रैल के 25 तारीख को पढ़ाई तिहार के रूप में अंगना में शिक्षा के अंतर्गत बाल मेला, सपोर्ट कार्ड, वर्णमाला, अक्षर कार्ड गिनती, सरल शब्द, पढ़ना तथा नौ काउंटर बनाकर माता को उनके बच्चों के लिए अपने घरेलू कार्य में व्यस्त रहते हुए बच्चों के मानसिक तार्किक एवं उनके स्तर की जांच कर 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार के रूप में मनाने के लिए कक्षा पहली व दूसरी एवं बालवाड़ी बच्चों के साथ इसका मूल्यांकन कर वहां शाला में कार्यरत शिक्षक के साथ मिलकर करेंगे। आज के इस प्रशिक्षण में विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में खैरागढ़ के कुल 40 संकलन के संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं अंगना में शिक्षा कार्यक्रम को आगे बढ़ाने वाले एक एक्टिव महिला शिक्षक की विशेष सहभागिता प्रदान किए गए।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अलौकिक पल, राममय हुआ समूचा जिला

खैरागढ़ (दावा)। अयोध्या में हुए, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अलौकिक पल के अवसर पर जिला राममय हो गया।। जहां राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने टिकारापारा स्थित राम मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की। वही खैरागढ़ के गोपीनाथ मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा सहित अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने भगवान राम की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान युवा, महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े हर कोई भक्ति की अविरल धारा में डूबे रहे। खासतौर पर बच्चें भजन–कीर्तन की धुनों पर जमकर झूमते रहे। इस दौरान प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आयोजन की जमकर सराहना की। इस अवसर पर मंदिरों में हुए भक्तिमय कार्यक्रम व राम भजनों की प्रस्तुति से श्रोतागण राम भक्ति में झूमते नजर आए। अयोध्या में प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न तीर्थ स्थलों में सीधा प्रसारण कराया गया। इस दौरान प्रशासन ने चिंहित तीर्थ स्थलों में एलईडी व प्रोजेक्टर की व्यवस्था कर अयोध्या में चल रहे प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करा कर लोगों के उत्साह और भक्ति को दोगुना कर दिया। जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर के गर्भ गृह में किए गए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का अलौकिक लाइव प्रसारण देखा और प्रभु राम के बालरूप के अलौकिक छवि का दर्शन किया। उक्त कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि भाजपा जिलाध्यक्ष धम्मन साहू, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका रूपेंद्र रजक, मंडल अध्यक्ष शहर विनय देवांगन एवं गणमान्य नागरिक टी के चंदेल, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता नरेंद्र सेन, आलोक श्रीवास, रामाधार रजक, विकेश गुप्ता, कमलेश कोठले, मदन देवांगन, पार्षद अजय जैन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अयाश सिंह बोनी उपस्थित थे।

### सुबह से झलक रहा था उत्साह

जिले में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही आमजन उत्साहित रहे। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्र में कलश यात्रा में प्रभु राम के जयकारे के बीच प्रभु राम, मां सीता, अनुज लक्ष्मण एवं महाबली हनुमान की वेशभूषा धारण किये हुए, छात्र-छात्राएं विशेष आकर्षण का केन्द्र बने। प्रभु राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पूरा जिला मुख्यालय राममय हो गया। इस पावन दिवस पर नगर के सभी चौक-चौराहों को भगवा ध्वज से सुसज्जित किया गया था। वहीं



सांसद संतोष पांडेय ने राम मंदिर ( टिकरापारा ) में की पूजा अर्चना, शहर के हर गली-मोहल्ले, चौक-चौराहे पर हुई रंग बिरंगी भव्य आतिशबाजी

विगत रात्रि से ही केसीजी जिला मुख्यालय के सभी मुख्य मंदिर भजन-कीर्तन से गुंज रहे थे।

### राम भक्ति में सराबोर हुआ गांव-शहर

राम जन्म भूमि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए इस अद्भुत, अलौकिक व अविस्मरणीय पल का साक्षी बनने के लिए लोग सदियों से आतुर थे। अंततः आज वो शुभ घड़ी आ ही गयी। जिसे ऐतिहासिक बनाने के लिए जिले के सभी विकासखंडों के मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अयोध्या से हुए लाइव प्रसारण को देखा गया तथा शहर एवं गांव के राम मंदिर समितियों द्वारा भी राम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। शाम को दीपदान और दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### नगर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नगर के नन्हे बच्चों ने रामचरितमानस के अंश से परिपूर्ण होकर रामलीला की जीवंत भक्तिमय भव्य कलश यात्रा निकाली गई।। जिसमे नगर की महिलाओं सहित अन्य इच्छुक लोग उत्साह पूर्वक शामिल हुए।

### राम मंदिर पहुंचे सांसद संतोष पांडेय

राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडेय ने खैरागढ़ के टिकरापारा स्थित राम मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने देश, प्रदेश सहित जिलावासियों के लिए खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। सांसद संतोष पांडेय ने मंदिर परिसर में बैठकर भजन–कीर्तन भी किया। साथ ही एलईडी के माध्यम से सांसद संतोष पांडेय ने अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण भी देखा।

### तीर्थ स्थल-मंदिरों में पहुंच कर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने की पूजा अर्चना

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में जिले की विभिन्न तीर्थ स्थलों में मानस गायन सहित अन्य आयोजन हुए। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा खैरागढ़ स्थित गोपीनाथ मंदिर के अलावा प्राचीन शिव मंदिर, घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर, छुईखदान वार्ड नंबर 10 स्थित राम मंदिर, गंडई वार्ड नंबर 05 स्थित राम मंदिर में मुख्य आयोजन किया गया। यहां कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा सहित अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान युवा, महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े हर कोई भक्ति की अविरल धारा में डूबे रहे। खासतौर पर बच्चें भजन–कीर्तन की धुनों पर जमकर झूमते रहे। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा पिपरिया वार्ड में की पूजा अर्चना, शहर के बांके बिहारी मंदिर परिसर, वीरेश्वर महादेव शिव मंदिर, नया बस स्टैंड सहित राजपरिवार दुर्गा उत्सव समिति व दंतेश्वरी अध्यात्म केंद्र के व्दारा महाआरती कर राम भगवान की पूजा अर्चना की।

## मोखला ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव(दावा)। सुरगी पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोखला के ग्रामवासियों ने बुधवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गांव की शासकीय जमीन में अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किए जाने को रोकने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वाले ग्राम मोखला के कौशल कुमार, सुखराम साहू, उमेश, संतुराम, महावीर साहू, पुखन लाल, परमु राम देवेन्द्र कुमार, लखन लाल साहू, हेमंत कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि राजनांदगांव के वार्ड लखोली निवासी केदार साहू आ. सोनऊराम साहू एवं खेमचंद पिता केदार साहू द्वारा ग्राम पंचायत मोखला जनपद पंचायत वार्ड नं 2 के नदियापारा में डबरी निर्माण के लिए स्वीकृत शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया जा रहा है।

जिसकी सूचना पूर्व में संबंधित विभाग को दी जा चुकी है। इस पर माननीय न्यायालय द्वारा संज्ञान लेते हुए दिनाक 25 अगस्त 2023 को अवैध निर्माण को रोकने स्थगन आदेश जारी किया गया था। तथा न्यायालय तथा प्रशासन के नियमों की अवहेलना कर 18 दिसंबर से आज दिनांक तक अवैध निर्माण कार्य फिर से जारी किए हूए है जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा लगातार संबंधित अधिकारी एवं पुलिस चौकी सुरगी को दी जा रही है। इसके बाद भी किसी प्रकार कार्रवाई नहीं हो पाई।

ग्रामवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत की निष्क्रियता एवं प्रशासनिक उदासीनता के चलते आज तक ठोस कार्यवाही नहीं हो पायी है जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

बताया गया कि पूर्व में कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। कलेक्टर उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्रातिशीघ्र अवैध निर्माण को रोककर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में पहल करें।

# प्रथम दिशा समिति की दिशा बहुत अच्छी है- सांसद संतोष पाण्डेय

पेज 7 (24 जनवरी 2024- फोटो-विधायक)

खैरागढ़ (दावा)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति, दिशा की प्रथम बैठक लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। इस दौरान खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा और विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, अन्य जनप्रतिनिधि और दिशा समिति के सदस्य सहित कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा उपस्थित थे।

नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के प्रथम दिशा समिति का अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए कहा कि प्रथम दिशा समिति की दिशा बहुत अच्छी है। आगे कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप क्षेत्र का विकास करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सांसद महोदय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आज दिशा समिति की प्रथम बैठक हुई, आगे के बैठकों में सभी विभाग पूरी जानकारी साथ लेकर आये।

### जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले का सर्वांगीण विकास करेंगे - कलेक्टर

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने दिशा समिति के बैठक में आभार प्रदर्शन के दौरान कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले का सर्वांगीण विकास करेंगे। दिशा बैठक का सकारात्मक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उपयोग करेंगे। विभागीय योजनाओं को बैठक में और हितग्राहियों को सरल तरीके से समझायें। इस दौरान बैठक में आये अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और सदस्यों का



जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले का सर्वांगीण विकास करेंगे - कलेक्टर

आभार व्यक्त किया।।

दिशा बैठक में उपस्थित खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने सभी राशनकार्ड धारियों को हितलाभ और जिले में पुल पुलिया से सम्बन्धित जानकरी ली और सुझाव दिए। इसी प्रकार विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल ने प्रधानपाठ बांध के गेट सहित अन्य विषयों पर विभगीय अधिकारियों से जानकरी ली और आवश्यक सुझाव दिये। जिला पंचायत सभापति और दिशा समिति के सदस्य खम्मन ताम्रकार ने प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति, सिंचाई और नलजल योजना की जानकारी ली और आवश्यक सुझाव दिए। सांसद प्रतिनिधि और दिशा समिति के सदस्य भागवत शरण सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में नवीनीकरण, मरम्मत, रुसे मध्यम सिंचाई परियोजना में बांध की मरम्मत और स्थानीय किसानों को लाभ की जानकारी लेकर सुझाव दिए। इसके साथ खनिज न्यास मद से नगरपालिका द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी लेकर, सुझाव दिए। इसी क्रम में सदस्यों द्वारा साल्हेवारा बांध के मरम्मत की बात रखी गई। इस पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने विभागीय अधिकारियों पूर्ण जानकारी रखने और नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

### सांसद ने 6 हितग्राहियों को 3 लाख किया वितरित

सांसद संतोष पाण्डेय और सदस्यों ने केन्द्र शासन की योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, मिड-डे मील स्कीम, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, बीपीएल परिवारों के लिए एलपीजी कनेक्शन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का कार्यान्वयन, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष खैरागढ़ लीला प्रकाश मण्डावी, छुईखदान नीना विनोद ताम्रकार, नगर पालिका अध्यक्ष खैरागढ़ शैलेन्द्र वर्मा, छुईखदान पार्तिका महोबिया, जिला पंचायत सभापति और दिशा समिति के सदस्य खम्मन ताम्रकार, दिशा समिति सदस्य भागवत शरण सिंह, सदस्य प्रेम नारायण चन्द्राकर, सदस्य निजाम सिंह मण्डावी, पोषा बाई जंघेल, अमीशा बाई वर्मा, लिमेश्वरी साहू, महेन्द्र यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुये।

## स्वर्णकार समाज ने किया कार सेवकों का सम्मान

खैरागढ़ (दावा)। राम लाल प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में स्थानीय स्वर्णकार समाज द्वारा भी हनुमान मंदिर सोनार पारा में रंगोली पताका दीप जलाकर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राम जन्म स्थल मंदिर निर्माण में कार सेवा किए कार सेवकों रामाधार रजक, अनिल अग्रवाल तथा हेमंत शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भजन संध्या से किया गया, तत्पश्चात सामूहिक रूप से समाज के सभी महिला एवं पुरुष वर्ग द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान राम की आरती की गई तथा राम ज्योति प्रज्वलित किया गया।



इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र महोबे के द्वारा राम के चरित्र का बखान करते हुए अपने जीवन को रामायणी बनाने की अपील की गई, कारसेवक अनिल अग्रवाल ने अयोध्या यात्रा का विस्तार से वर्णन किया, वहीं कारसेवक रामाधार रजक ने कोठारी बांधों को याद कर उसे समय के संघर्ष को रेखांकित किया,तत्पश्चात कारसेवक हेमंत शर्मा ने मुगल इतिहास के बर्बरता की कहानी को रेखांकित कर सनातनियों को एकजुट रहने का सलाह दिया। अंतिम उद्बोधन स्वर्णकार समाज अध्यक्ष नरेंद्र सोनी ने कहा कि त्रेता युग में राम के राजा बनते ही पूरे लोक में हर्ष छा गया बैर खत्म हो गया, वहां शोक दूर हो गया।

अन्याय खत्म हो गया, सभी स्वस्थ शिक्षित संपन्न दूसरों की चिंता करने वाले हो गए तो आज हमको भी स्वराज और सुशासन लाकर रामराज की स्थापना करनी चाहिए सभी से आपस में भाईचारा जरूरतमंदों को मदद कर राम के चरित्र को अपनाना चाहिए तभी रामराज संभव है।

कार्यक्रम के उपरांत ही सभी महिला एवं पुरुष सदस्य आपस में तिलक लगाकर रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा की एक दूसरे को बधाई दिए युवा सदस्य वैभव सोनी के द्वारा सुंदरकांड पुस्तक का वितरण किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी पदाधिकारी अनूप कन्नौजे, दीपक सोनी, मौसम सोनी, अखिलेश सोनी, सागर सोनी ,वैभव सोनी, किशोर सोनी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ समाज के सदस्य गण व बच्चे उपस्थित रहे।

## भक्तों ने हनुमान मंदिर में बड़े धूमधाम से राम जन्मोत्सव प्राण प्रतिष्ठा पर्व मनाया



डोंगरगढ़(दावा)। मां रणचंडी मंदिर के सामने सार्वजनिक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में मोहल्लेवासियों ने बड़े धूमधाम से राम जन्मोत्सव प्राण प्रतिष्ठा पर्व मनाया। अपने मोहल्ले को तोरन ध्वजा से सजाकर रामायण मंडली द्वारा साथ में हनुमान चालीसा एवं भजन कीर्तन करते हुए प्रसादी वितरण किया गया।

प्रमुख रुप से हेमंत राजपुत, सूरज सिंह, शिवेंद्र यादव, आयुष मुनेश्वर, छवी धुर्वे ने एक दिन पहले तोरन ध्वजा लगाने का काम किया। 22 जनवरी को रामायण मंडली में महिला शक्ति की टीम उपस्थित रही।

जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेत्री अंचला सिंह ठाकुर, राधा नेताम, गजरा बाई ठाकुर, मान बाई नेताम, पूनम यादव, बासन यादव, पायल नेताम, संतोषी यादव, पूर्णिमा, नेहा, पायल यादव, रश्मि दुबे, ममता मंडावी, दुर्गा सिन्हा, इशिका, छवि धुर्वे गीता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी शामिल रहे।

## सुभाष जयंती के अवसर पर गुजराती स्कूल में मनाया गया पराक्रम दिवस

राजनांदगांव (दावा)। नेताजी सुभाशचंद्र बोस के जयंती के अवसर पर भूतपूर्व सैनिक संगठन ने गुजराती स्कूल में मेजर सुबेदार राजेश शर्मा, पूर्व लोकपाल अमलेंदु आजरा, समाजसेवी राजेश डागा, अमित खंडेलवाल, गिरीश ठक्कर, सचिव गुजराती शिक्षण संघ के गरीमामयी उपस्थिति में सुभाष जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ नेता जी सुभाष बाबू के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ।

पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने जय हिन्द के नारे के साथ कहा कि सुभाष बाबु हमारे प्रेरणा है, जिन्होंने जय हिन्द का नारा हमें दिया इसके कारण आज जब भी हम जय हिन्द कहते है तो सुभाष बाबू हमें याद आते है। राष्ट्र के प्रति उनके त्याग बलिदान को हम नहीं भुला सकते है। कार्यक्रम के अतिथि व मुख्य वक्ता श्री हाजरा ने बच्चों के अंदर राष्ट्र प्रेम व देशभक्ति के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महानायक सुभाष चंद्र बोस की प्रेरणादायक छोटे-छोटे प्रसंग सुनाये और कहा कि बचपन से जब हम अच्छे कार्य परिवार के लिए समाज के लिए व देश के लिए समर्पित होकर करते है, तब हम एक अच्छे राष्ट्र भक्त के रूप में जाने जाते है। हमारे अच्छे कर्म ही राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य और दृढ़ता को दर्शाता हैं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से तात्कालिक प्रश्न-उत्तर किये जिसका सही-सही जवाब




बच्चों के द्वारा दिये जाने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने तात्कालिक भाषण नेता जी के विषय में दिये जिन्हें प्रसस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सभा में सम्मनित भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गुजराती शिक्षण संघ के सचिव गिरीश ठक्कर ने अपना आशीर्वचन व शुभकामनाएं दी। समाजसेवी राजेश डागा व अमित खंडेलवाल के द्वारा बच्चों की सामान्य ज्ञान बहुत अच्छी होने की प्रशंषा की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नावेलकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मंच का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षिका प्रियंका साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संघ के नाथाभाई रायचा, पवन पटेल, विनय पटेल, प्रवीण काथरानी, खुशी सोनछात्रा एवं गणमान्य नागरिकगण व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी। उक्त जानकारी सैनिक संगठन के सचिव प्रवीन साव द्वारा दी गई।

## खुज्जी में लगा कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



खुज्जी (दावा)। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत ग्राम खुज्जी के प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र में एबिस ग्रुप की ओर से महिला बाल विकास विभाग डोंगरगांव के द्वारा गत दिनांक 24 जनवरी को कुपोषित बच्चों, एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं पोषण किट वितरण के पश्चात शिविर में पुरी सब्जी का वितरण किया गया।

शिविर में महिला बाल विकास विभाग की ओर से 75 कुपोषित बच्चों एवं 90 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य रखा गया था, पर शिविर में उससे भी अधिक गर्भवती महिला एवं कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सिद्धि सैनी, डॉ खुशबू वर्मन, डॉ कृष्णा गुप्ता, डॉ रोहित डेविड, (मेडिसिन) एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु नामदेव ने अपनी सेवाएं दी। शिविर को सफल बनाने में महिला बाल विकास विभाग डोंगरगांव के परियोजना अधिकारी डॉ वीरेन्द्र साहू, खुर्शीपार सेक्टर सुपरवाइजर किरण श्रीवास्तव, वंदना साहू, खुज्जी क्षेत्र के मितानिनों आंगनबाडी कार्यकर्ताओं सहित खुज्जी प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र के डॉक्टर एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## महालेखाकार से संबंधित ऑडिट कंडिकाओं एवं मिलान का कार्य 15 दिवस में करने का निर्देश

**रायपुर(दावा)। संचालनालय कोष लेखा ने योजना भवन, नवा रायपुर में आयोजित कोषालय अधिकारियों एवम् संयुक्त संचालकों के विभागीय समीक्षा बैठक में कोषालय के अधिकारी कर्मचारियों के ऑनलाइन गोपनीय चरित्रवाली एवं अचल संपत्ति विवरण सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया गया।अचल संपत्ति का विवरण 31 जनवरी तक जमा करना होता है।**

उसके पहले ही ऑनलाइन कर दिया जायेगा,ताकि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपना विवरण भर सके। संचालनालय कोष लेखा के द्वारा तैयार किए गए इस ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों में काफी उत्सुकता देखी गई।गोपनीय चरित्रवाली एवं अचल संपत्ति का विवरण ऑनलाइन होने से विभाग के शासकीय सेवकों को समय पर क्रमोन्नति, समयमान व पदोन्नति का लाभ मिल सकेगा।

गोपनीय चरित्रवाली ऑनलाइन लिखी जा सकेगी - इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से बिना अतिरिक्त संसाधन के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से प्रथम श्रेणी अधिकारियों की गोपनीय चरित्रवाली ऑनलाइन लिखी



० संचालनालय कोष लेखा ने ऑनलाइन गोपनीय चरित्रवाली सॉफ्टवेयर तैयार किया ० विभागीय कार्यों का त्वरित निराकरण करें - कावरे

जा सकेगी।साथ ही अचल संपत्ति की जानकारी भी ऑनलाइन दी जा सकेगी। यह सॉफ्टवेयर महादेव कावरे संचालक कोष लेखा के निर्देश पर तिलक शोरी वित्त नियंत्रक एवं कमल वर्मा के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है।वित्त विभाग छत्तीसगढ़ शासन से विभाग को क्रियान्वयन हेतु अनुमति भी दी गई है। राज्य योजना भवन,नवा रायपुर के सभागार में विभाग में कार्यरत प्रदेशभर के कोषालय अधिकारियों एवं संयुक्त संचालकों को इस सॉफ्टवेयर के संचालन हेतु प्रशिक्षण भी दिया गया।

### चरित्रवाली सॉफ्टवेयर विभाग में एक अप्रैल से लागू

ऑनलाइन गोपनीय चरित्रवाली सॉफ्टवेयर विभाग में एक अप्रैल से लागू कर दिया जायेगा। संचालक ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संयुक्त संचालक एवं कोषालय अधिकारियों को लंबित पेंशन प्रकरण, जीआईएस, ग्रेच्युटी, जीपीएफ अंतिम भुगतान समय पर करने निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी की बैठक में समीक्षा की गई।

बैठक में विभाग द्वारा अलग अलग क्षेत्र में की जा रही कंप्यूटरीकरण कार्य जिसमें ई-कोष, ई-कुबेर, ई-वाउचर एवं अन्य ऑनलाइन भुगतान संबंधित कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों एवं विभागीय जांच को प्रमुखता से निराकरण करने निर्देश भी दिए गए। कोषालय अधिकारियों को महालेखाकार कार्यालय से संबंधित ऑडिट कंडिकाओं और आरबीडी मिलान का कार्य 15 दिवस में संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। विभागीय समीक्षा बैठक में वित्त नियंत्रक तिलक शोरी, अपर संचालक के. एल. रवि, सुश्री अल्पना घोष, के.एल.मरावी, आलोक राय, जयंत देवांगन, मो. इमरान, कमलेश रायस्त, लाजरुस मिंज, दिवाकर राठौर, कमल वर्मा सहित प्रदेशभर के कोषालय अधिकारी उपस्थित रहे।



## गणतंत्र दिवस पर निगम में महापौर द्वारा ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी शुक्रवार को नगर निगम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा प्रातः 7:30 बजे नगर निगम टाऊन हाल में ध्वजारोहण किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम अध्यक्ष, नेताप्रतिपक्ष सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,सभी पार्षदों, गणमान्य नागरिकों व पत्रकार बंधुओं से समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

## गणतंत्र दिवस
की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

**आदिमजाति सेवा सहकारी समिति, अंबागढ़ चौकी**




आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

रामकिशोर बंसोड़
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, चिल्हाटी, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**




आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

रूपेश त्रिपुरे
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, विचारपुर, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**



आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

राकेश आदे
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, छछानपहरी, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**



आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

गिरधर साहू
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, कौड़ीकसा, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**




आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

महेश चन्द्रवंशी
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

**ग्राम पंचायत पेन्दलकुही, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**




जुगल किशोर सिन्हा
सचिव

टेमनलाल कोमरे
सरपंच

## गणतंत्र दिवस
की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

**विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय, वि.ख. अंबागढ़ चौकी**




एस. के. धीवर
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, अम्बागढ़ चौकी

## गणतंत्र दिवस
की 75वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




अवधेश त्रिपाठी
वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पूर्व सह मीडिया प्रभारी,
जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव

अभिषेक त्रिपाठी
युवा पत्रकार, अंबागढ़ चौकी

## गणतंत्र दिवस
### की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**आदिमजाति सेवा सहकारी समिति, अंबागढ़ चौकी**




आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

रामकिशोर बंसोड़
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
### की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, चिल्हाटी, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**




आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

रूपेश त्रिपुडे
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
### की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, विचारपुर, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**



आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

राकेश आदे
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
### की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, छछानपहरी, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**



आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

गिरधर साहू
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
### की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, कौड़ीकसा, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**




आर. के. महिलांगे
प्राधिकृत अधिकारी

महेश चन्द्रवंशी
प्रबंधक

## गणतंत्र दिवस
### की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**ग्राम पंचायत पेन्दलकुही, वि.खं. अंबागढ़ चौकी**




जुगल किशोर सिन्हा
सचिव

टेमनलाल कोमरे
सरपंच


## गणतंत्र दिवस
### की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वि.ख. अंबागढ़ चौकी**




एस. के. धीवर
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी

## गणतंत्र दिवस
### की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...








अवधेश त्रिपाठी
वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पूर्व सह मीडिया प्रभारी,
जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव

अभिषेक त्रिपाठी
युवा पत्रकार, अंबागढ़ चौकी

# भाजपा नेता कार सेवक के नाम से स्वयं को महिमा मंडित करने से बचे - प्रदीप बाघ

डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश में 5 वर्ष बाद फिर से भाजपा की सरकार बनते ही भाजपा नेताओं द्वारा वरिष्ठ नेताओं व आम जनों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से अयोध्या में राम मंदिर के लिए किए गए संघर्ष के नाम से काल्पनिक कहानी गड़ कर अपने आप का महिमा मंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन नेताओं की भाजपा के कद्दावर नेता प्रदीप बाघ ने कड़ी निंदा की है।

प्रभु श्री राम के नाम से किए जाने वाले कृत्य की आलोचना करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बाघ द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में तथाकथित नेताओ की आलोचना करते हुए उन्हें चेतावनी दी गई है कि वे भविष्य में दिगभ्रमित करने वाले समाचारों का प्रकाशन से बचे, ताकि आम जनता के बीच पार्टी की छवि बनी रहे।

### कार सेवक के नाम से स्वयं को महिमा मंडित कर रहे हैं भाजपा नेता - प्रदीप बाघ

1980 में भाजपा के गठन के प्रत्यक्ष साक्षी रहे भाजपा नेता प्रदीप बाघ ने कहा की,22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ध्यान में रखकर विगत दिनो कुछ हमारे यहां के स्वयंभु नेताओं ने अपनी ओछी राजनीति के तहत् कुछ समाचार पत्रो में भ्रामक व मिथ्या समाचार दिया है। चुकी मै सन् 1980 में भाजपा के गठन का प्रत्यक्ष साक्षी रहा हूं। और आज तक भाजपा में हूं। कार सेवा का गलत समाचार छपवाकर ऐसे लोग वर्तमान में हमारी भाजपा सरकार का फायदा कैसे उठाया जावें। और वर्तमान नव जवान पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को कैसे अपने अतीत का दंभ बताया जावे। इसी कृत्य में लगे हुए हैं।

कांग्रेस सरकार बनने में मददगार थे तथाकथित नेता - सत्ता सरकार के साथ अपने आप को स्थापित करने की जुगत में ऐसे कई लोग लगे है। और ऐसे ही चाटुकार पद लोलुप के कारण पांच वर्ष पूर्व प्रदेश में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त का सामना करना पडा था। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गई थी ।उस समय भी ऐसे ही लोगो के कारण कार्यकर्ता बहुत नाराज थे । ऐसी ओछी सोच की राजनीति करने वाले नेता संघर्षशील कार्यकर्ताओं की अवहेलना कर अपमानित करते रहे है। और अपने आप को महिमा मंडित कर सरकार में पद की लालसा रखते है।



स्वयं को कारसेवक के नाम से प्रचारित करने वाले नेताओं की आलोचना की भाजपा नेता द्वारा

कार सेवा के नाम से आंदोलन करने वाले नहीं गए थे अयोध्या - भाजपा के राष्ट्रीय नेताओ के आह्वान पर अयोध्या में श्रीराम के नाम से आंदोलन करने व कार सेवा के नाम पर डोंगरगढ़ में नेतृत्व करने वाले भाजपा नेता प्रदीप बाघ ने कहा है कि कार सेवा के नाम से किया गया आंदोलन डोंगरगढ़ में मेरे नेतृत्व में हुआ था।जिसमे शहर व ग्रामिण के लगभग 100 कार्यकर्ताओं का एक दल, स्थानीय गोल बाजार में एकत्रित होकर अयोध्या के लिए रवाना होने रेलवे स्टेशन गया था। जिसका स्वागत सतबीर सिंह सिटू ने फुल मालाओं और नारीयल से स्वागत कर रवाना किया था। उसके बाद डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था। और पुलिस जब उन्हे पैदल पुलिस थाना ले जा रहीं थी तो डोंगरगढ़ के नागरीको ने उनका कई जगह स्वागत सत्कार किया था। उस समय हम लोगो को पुलिस थाने में तीन दिन रखा गया था।

तथा कथित भाजपा नेता तत्कालीन विधायक प्रत्याशी के खिलाफ कार्य किए थे - श्री बाघ ने आगे कहा की,जिन समाचार पत्रो में तथाकथित नेताओं ने अपने आपको कार सेवा के नाम से महिमा मंडित किया है, उनमें से कुछ लोग तो पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी रहे रतिराम लाउत्रे के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के हाथो बिक चुके थे। जिसके कारण पार्टी ने उन्हे 6 वर्ष के लिऐ निष्कासित कर दिया था। और कुछ तो उस समय पार्टी में भी नहीं थे।

युवा कार्यकर्ताओं को भ्रमित कर रहे हैं तथाकथित नेता - श्री बाघ ने आगे कहा की, तथाकथित चाटुकार गद्दार नेता जो अपने घर का पूरा वोट भी भाजपा को नहीं दिला सकते वे कार सेवा का पूरा समाचार देकर हमारे नवजवान युवा कार्यकर्ताओं को भ्रमित कर रहें है। लेकिन डोंगरगढ़ में लोग सब जानते समझते है। कार सेवा में मेरे साथ जो कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार किया गया था उनमें प्रमुख रूप से स्व. सुरेश मशीह, स्व. हरजीत एस. राजा, कैलाश तिवारी, भरत वर्मा मड़ियान, हरविन्दर सिंह मंगे, स्व. दीनदयाल यादव ठाकुरटोला, महेन्द्र अग्रवाल, स्व. बबला साहू कुम्हड़ाटोला, स्व. लक्ष्मीचंद वैद्य, अशोक सेन, स्व. उभेराम जंघेल ढारा, रामू देवकट्टा, मालक सिंग मोहारा, विनोद वासनिक, स्व . घनश्याम वासनिक, रामू नामदेव, कृष्टी लारेंश,जोसेफ सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## जिला स्तरीय शालेय बाल क्रीडा प्रतियोगिता में डोंगरगढ़ का लाजवाब प्रदर्शन



डोंगरगांव (दावा)। जिला स्तरीय शालेय बाल क्रीडा प्रतियोगिता ग्राम-बड़गांव चारभांठा डोंगरगांव में दिनांक 23 एवं 24 जनवरी को सम्पन्न हुआ। जिसमें 4 ब्लाक शामिल हुआ। जिसमें डोंगरगढ़ की टीम भी शामिल हुई। क्रीडा प्रभारी राजकुमार नंदेश्वर एवं देवेंद्र आम्बादे के मार्गदर्शन में मनोज कुमार वर्मा जनरल मैनेजर के नेतृत्व में डोंगरगढ़ के टीम ने बढ़-चढ़कर खेल का जौहर दिखाया। हमारे डोंगरगढ़ के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ खेल का प्रदर्शन किया और सामुहिक खेल में भी कबड्डी माध्यमिक बालक/बालिका प्रथम और प्राथमिक बालक कबड्डी प्रथम एवं व्यक्तिगत खेलो में प्रथम/द्वितीय स्थान हासिल किए। हमारे डोंगरगढ़ के शिक्षकों जिनकी ड्यूटी जिला खेल में लगी थी सबका सहयोग अतुलनीय था। सबने बच्चों के उत्साहवर्धन में कोई कसर नही छोड़ी। सबके प्रयास से हमने अच्छा प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

### घोरदा मंडई 29 जनवरी को

डोंगरगांव(दावा)। अंचल के ग्राम घोरदा में 29 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन 29 जनवरी को रखा गया है. मंडई-मेला के अवसर पर ग्राम में पहुंचे अतिथियों के लिए रात्रि में शिवभोला करमतरा जालबांधा वाले का नाच पार्टी कार्यक्रम रखा गया है. ग्राम के राजू साहू, कोमल साहू, कमलेश साहू, पूर्णानंद साहू ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई मेला का आनंद लेने कहा है.

## डोंगरगांव में अंतर्राज्यीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता 28 से

### महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा से भी पहुंचेंगे खिलाड़ी

डोंगरगांव (दावा)। शहर में 28 से 30 जनवरी तक अंतर्राज्यीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई है. इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा के बेहतर खिलाड़ियों का शानदार खेल कौशल का आनंद शहरवासियों को मिलेगा. डोंगरगांव स्पोर्ट्स वेल्फेयर एशोशिएशन ने बैडमिंटन खेल को जीवित रखने, शहर में खेल के प्रति एक अच्छा माहौल निर्मित करते हुए नगर के युवा, जूनियर, सब जूनियर के उभरते हुए खिलाडियों के लिए एक अच्छा व उम्दा प्लेटफार्म तैयार करने हेतु विगत 6 वर्षों से निरंतर प्रयास करते आ रही है, जहाँ से प्रत्येक वर्ष कई खिलाड़ी स्टेट लेवल इंडिया लेवल स्कूल नेशनल खेल प्रतियोगिताओं में शिरकत करते हुए नगर का नाम रोशन करते आ रहे हैं. इसी कड़ी में इस वर्ष भी एक अच्छे खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इस बार शहर के लोगों से भी सहयोग लिया जा रहा है. उक्त प्रतियोगिता में आए हुए बाहर के प्रतिभागी खिलाडियों के लिए रुकने व भोजन की व्यवस्था भी प्रत्येक पिछले आयोजनों की भांति रखी गई है. आयोजकों ने प्रतियोगिता शामिल होने वाले प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन व अच्छे खेल कौशल के शानदार प्रदर्शन का आनंद लेने नगर व क्षेत्र के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, आम जनता से कहा है. उक्ताशय की जानकारी संस्था के खिलाड़ी व मीडिया प्रभारी सतीश पाण्डेय व शशांक साहू ने दी है.

## बागनदी पुलिस ने अंतर्राज्यीय शराब की खेप पकड़ी



- 14 पेटी अंग्रेजी शराब व घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो जप्त
- अवैध शराब एवं तस्करी करने वालों पर रखी जा रही पैनी नजर

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में आज 25 जनवरी 2024 को बागनदी बस स्टैंड चौक नेशनल हाईवे रोड मे एमसीपी लगाकर देवरी महाराष्ट्र की ओर आने वाली गाड़ियों को चेक कर रहे थे कि जरिये मुखबीर सूचना मिली कि अवैध रूप से म.प्र. निर्मित शराब बोलेरो वाहन में परिवहन कर रहे हैं कुछ समय बाद बोलेरो वाहन क्रमांकएमएच-31/डीवी-9417 तेज गति से आ रही थी जिसे रोकने की कोशिश करने पर चालक द्वारा चेक पोस्ट को देखकर काफी तेज गति से चलाते हुए अपने वाहन को बागनदी पाई बांध जाने वाले रास्ते मोड़ दिया संदेह होने पर वाहन का पीछा किया जो बोलेरो वाहन चालक द्वारा वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गया। वाहन को चेक करने पर म.प्र. निर्मित14 पेटी अंग्रेजी शराब कीमती 77 हजार रूपये एवं उक्त बोलेरो वाहन कीमती 3 लाख रूपये जुमला कीमती 03,77,000/ रूपये को जप्त कर मामला 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरार आरोपी की पता तलाश जारी है। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बागनदी प्रशिक्षु उप. पुलिस अधीक्षक नवीन एक्का, निरीक्षक मनीष धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक अनिल झा, प्र. आर. 592 राजेश परिहार, आरक्षक1645 शिवचरण मंडावी, आर. 91 रमेश कतलम, आर. 1800 कार्तिक यादव, आर. 797 अमित चन्द्रा, आर. 895 दिनेश कंवर, आर. 167 सुनील नवरत्न थाना बागनदी का विशेष योगदान रहा।

## बड़गांव में अंतर्राज्जीय फुटबाल मैच का बिखर रहा जलवा



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव के समीप स्थित ग्राम बड़गांव में इन दिनों अंतर्राज्जीय फुटबाल मैच का बुखार छाया हुआ है। बड़गांव के मैदान में फुटबाल खिलाड़ी अपने प्रदर्शनों से जमकर जलवा बिखेर रहे है। जिससे उन्हें सैकड़ो की संख्या में उपस्थित दर्शकों से खासी वाहवाही मिल रही है। ग्राम बड़गांव आयोजित उक्त फुटबाल मैच के मुख्य अतिथि डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला फेडरेशन फुटबाल के अध्यक्ष मदन यादव उपस्थित रहे। डीवीसी फुटबाल क्लब बड़गांव के मैनेजर चेतनदान मानिक पुरी ने बताया कि गुरूवार को खेले गए मैच में मध्यप्रदेश 1 गोल वही कोरबा की टीम ने 3 गोल किए, इसी तरह दूसरे चक्र में मुंबई ने एक गोल किया वही सिवनी ने भी एक गोलकर बराबर में रहे। तीसरे चक्र में रायपुर व झारखंड द्वारा खेले गए खेल में दोनों को जीरो मिला आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर रायपुर के विरूद्ध कोरबा, सिवनी के विरूद्ध झारखंड मैदान में उतरेंगे।

## राष्ट्रीय सप्तरंग संगीत समारोह में कत्थक नृत्य, हास्य रस से ओतप्रोत और ध्रुपद गायन की प्रस्तुति होगी



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गाँधी सभा गृह म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में सी.एफ.पी.जी.एफ. स्कीम के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सह्योग से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सप्तरंग संगीत समारोह शास्त्रीय एवं लोक कलाओं पर आधारित राष्ट्रीय समारोह के दूसरे दिन 26 जनवरी 2024 को संध्या 6 बजे से शास्त्रीय गायन ध्रुपद के सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती सोमबाला कुमार जी द्वारा गायन होगा।

### आज चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र का आयोजन

सहयोगी के रूप में ए.ग्रेड कलाकार सुप्रसिद्ध पखावज वादक पृथ्वीराज कुमार जी होंगे। श्रीमती सोमबाला कुमार एवं श्री पृथ्वीराज कुमार जी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगीत समारोहों में अपनी अनुठे ध्रुपद गायन की एवं श्री कुमार जी पखावज वादन की लोहा मनवा चुके है। ज्ञात हो कि संस्कारधानी राजनांदगांव में पहली बार ध्रुपद गायन एवं पखावज का प्रदर्शन होने जा रहा है।

देश की जानी मानी कत्थक नृत्य कलाकार एवं सांस्कृतिक राजधानी बड़ोदरा गुजरात की सुश्री दयूती पंड्या (बड़ोदरा विश्वविद्यालय) एवं जयपुर कत्थक नृत्य घराना के नृत्य गुरू पं. हरीश गंगानी जी की सुयोग्य शिष्या है।

सुश्री द्यूती पण्डया जी कत्थक नृत्य की सुप्रसिद्ध कलाकार है। इस दिन की अंतिम प्रस्तुति छत्तीसगढ़ आंचल की सुप्रसिद्ध हास्य कलाकारों द्वारा सर्वश्री ईश्वर मेश्राम, सुदेश यादव, संतोष यादव एवं साथियों द्वारा रंगारंग हास्य प्रहसन द्वारा हास्य रस से लोट पोट करेंगे। उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

## ग्राम-साल्हे लक्ष्मी नगर में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता डॉ. रुबीना अंजुम अल्वी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न

**राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम घुघवा साल्हे लक्ष्मीनगर में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के फायनल में फ्रेंक ब्रदर्स राजनांदगांव ने ईमानवेल क्लब उकवा माइंस को 1-0 से हराकर वीनर ट्राफी पर कब्जा किया। स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित इस प्रतियोगिता में वीनर टीम को 21001रू. नगद तथा वीनर ट्रॉफी तथा उपविजेता को 15001रू. नगर व ट्रॉफी प्रदान किया गया।**

प्रतियोगिता का शुभारंभ 10 जनवरी से हुआ था। प्रतियोगिता में अलग-अलग स्थानों से लगभग 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। स्पर्धा का फायनल मैच ईमानवेल क्लब उकवा माइंस तथा फ्रेंक ब्रदर्स राजनांदगांव के बीच खेला गया। फायनल मैच काफी रोमांच भरा रहा। शुरू से ही दोनों टीमों ने एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर कई आक्रमण किये, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हुए। मैच के 21 वे मिनट में फ्रेंक ब्रदर्स के प्रवेश कनोरिया ने शानदार मैदानी गोल दागते हुए अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी जो कि आखिरी तक कायम रही। इस प्रकार फ्रेंक ब्रदर्स की टीम ने यह मैच 1-0 से जीत लिया।



इस अवसर पर डॉ. रूबीना अल्वी ने कहा कि मुझे ये जानकर बहुत खुशी हुई कि इस वर्ष आप लोग उक्त प्रतियोगिता की स्वर्ण जयंती मना रहे है। ये अत्यंत हर्ष का विषय है इतने छोटे गांव में इतनी सक्रियता एवं तत्परता से पिछले 50 वर्षो से फुटबाल का सफल आयोजन हो रहा है इसका मतलब यह है कि हमारे सियानमन खेलों के महत्व को समझते थे और आप सब ग्रामवासियों, न्यू टाइगर क्लब, आदर्श नवयुवक मण्ड की भी बहुत तारीफ करना चाहूंगी कि आप सब ने इस निरंतरता को बनाए रखा। इसको रूकने नहीं दिया इसके लिये आप सब बधाई के पात्र है। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यह हमारा मानसिक और शारीरिक विकास करता है। साथ-साथ यह खिलाड़ियों में धैर्य, साहस और टीम वर्क का विकास भी करता है। हार-जीत तो दो पहलू है, कोई हारता है, कोई जीतता है। ये महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन हारा, कौन जीता। महत्वपूर्ण ये है कि कौन खेला, किसने खेल में भाग लिया। आजकल तो हमारी राज्य सरकार भी सभी खेलों को प्रोत्साहन दे रहीं है। खिलाड़ियों के लिये हर प्रकार की सहूलियत दे रही है, उनके प्रशिक्षक का इंतेजाम भी कर रहीं है। इसलिये मैं सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देती हूँ कि आप सब भविष्य में हमारे छत्तीसगढ़ राज्य से ही नहीं बल्की भारत की छंजपवदंस ज्मंउ में आए और हमारे गांव, जिले का नाम रौशन करें। कड़ी मेहनत और लगन के साथ खेलेंगे तो जरूर सफल होंगे।

आयोजन समिति को आई.बी.ग्रुप (एबीस कम्पनी) की ओर से 10,000/- रू. की सहयोग राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य इन्दूमति साहू, जनपद सदस्य नरबद बाई, ग्राम पंचायत के सरपंच चिंतामणी सिन्हा, पंचगण, ग्रामवासी नोखे साहू, तामेश साहू, श्रीमती आरती श्रीवास्तव, श्रीमती नीदा जावेद अली विशेष रूप से उपस्थित थी। इस दौरान फुटबाल के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान देने वाले पूर्व खिलाड़ियों को भी आयोजक मंडल द्वारा मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ में होगा ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में मुख्य अतिथि के हाथों ध्वजारोहण कर धूमधाम के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। ध्वजारोहण रोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल राम साहू (मोतीपुर) होंगे।

शक्तिपीठ के व्यवस्थापक ओमप्रकाश जी ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व बृजकिशोर सुरजन के विशेष आतिथ्य में 26 जनवरी की? प्रातः 7:30 बजे श्री साहू जी के कर कमलों द्वारा जन- मन- गण के बीच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर के चहुंओर राष्ट्रीय पर्व की खुशियां बिखरी रहेगी। व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने कहा कि निकटस्थ ग्राम खुटेरी में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हो चुका है।



### शक्तिपीठ पुरोहितों द्वारा प्रज्ञा पुराण सहित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

इस दौरान भव्य कलशयात्रा भी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिए। उन्होंने बताया कि पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य महात्मा गांधी जी के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। यही वजह है कि गायत्री परिजनों में राष्ट्र प्रेम व देश भक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है।

राष्ट्र धर्म के साथ साथ सत्य सनातन धर्म की प्रतिष्ठा एवं धर्म की जय व अधर्म का नाश के लिए मंदिर के पुरोहित लगातार वैदिक अनुष्ठानों सहित विभिन्नौ धार्मिक संस्कारों के सम्पादनार्थ जुटे रहते हैं। पुरोहितों द्वारा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सहित प्रज्ञा पुराण कथा दीप यज्ञ कर राष्ट्र जागरण के कार्य को महती रुप से निभा रहे हैं। उन्होंने ने ध्वजारोहण कार्यक्रम में लोगों को उपस्थिति की अपील की है।

## प्रदेश पंचायत सचिव संघ छ:ग के निर्देशानुसार सचिव संघ जिला- राजनांदगाव के जिलाध्यक्ष हेतु निर्वाचन संपन्न हुआ

राजनांदगांव (दावा)। पंचायत सचिव संगठन जिलाध्यक्ष निर्वाचन हेतु गठित समिति में दुर्ग संभाग पर्यवेक्षक भागवत साहू, निर्वाचन अधिकारी संतोष गोटे (जिलाध्यक्ष मानपुर-मोहला), सहायक निर्वाचन अधिकारी लोकेश जंघेल (जिलाध्यक्ष खैरागढ़) नीलेश सिंह क्षत्रिय (सहसचिव प्रदेश सचिव संघ) महेश मार्कण्डेय (उपाध्यक्ष मोहला-मानपुर) व महेन्द्र साहू (जिलाध्यक्ष दुर्ग), यशवंत आडिल के उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ।

जिलाध्यक्ष निर्वाचन में चारों ब्लाक छुरिया, डोंगरगाव, डोंगरगढ़ राजनांदगाव, के ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक सचिव के साथ बड़ी संख्या में सचिव गण उपस्थित थे। जिसमे तीन सचिव दीपक वैष्णव (राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष), रामदुलार साहु(पूर्व जिलाध्यक्ष) यशवंत जंघेल (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजनांदगांव) ने नामांकन भरा। जिसमे रामदुलार साहू के नाम वापसी लेने पर दोनो सचिवों के मध्य निर्वाचन हेतु मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुआ। जिसमें दीपक वैष्णव को 5 वोट व यशवंत जंघेल को 3 वोट प्राप्त हुआ। इस प्रकार जिलाअध्यक्ष पद पर श्री दीपक वैष्णव 2 वोट से विजयी हुये। निर्वाचन पश्चात मतदान अधिकारियों ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को प्रमाणपत्र प्रदानकर शुभकामनाये प्रेषित किये। साथ ही जिलाध्यक्ष की सहमति से जिला सचिव पद में मोहन साहू (छुरिया) की नियुक्ति किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वैष्णव ने उपस्थित सभी सचिवों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए चारो ब्लॉक के साथ मिलकर सचिवों के प्रत्येक कार्य में सहभागिता निभाते हुये कार्य करने हेतु बात कही और सचिव संघ की मुख्य मांग 'शासकीयकरण' के लिये प्रांत के निर्देशानुसार कार्य करने की बात कही। निर्वाचन के इस अवसर पर छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम उइके, डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष रामदुलार साहू, सचिव भूपेंद्र यादव, मोरज पटेल, सोहन पटेल, योगेश साहू, मोहन साहू, ऐन शर्मा, नीलकुमार साहू, सहित बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित रहे।



दीपक वैष्णव बने पंचायत सचिव संघ राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष

## रॉयल किड्स कॉन्वेंट में अशोक चौधरी फहरायेंगे राष्ट्रीय ध्वज



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष भी रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल में गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया जायेगा। जिसमें संस्था के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अशोक चौधरी द्वारा कल प्रातः सःसम्मान परम्परानु रूप राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा जिसके तहत शाला में छात्रगण आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। रॉयल किड्स कॉन्वेंट द्वारा 75 वें गणतंत्र दिवस पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।



श्रीमती ईश्वरी साहू
सरपंच, माड़ीतराई

श्रीमती जावंतीन चंदेल
सचिव

संतोष साहू
उपसरपंच

दिलीप साहू
सरपंच प्रतिनिधि

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं..



लोकनाथ पटेल
रोजगार सहायक

श्रीमती किरण धुर्वे

श्रीमती हुम्मन सिंह
पंच

श्रीमती पुष्पा धुर्वे
पंच

फूलचंद साहू
पंच

रमेश चन्द्रवंशी
पंच



सालिक साहू

श्रीमती लता धुर्वे
पंच

श्रीमती ममता कंवर
पंच

श्रीमती सुनीता चन्द्रवंशी
पंच

रोहित कंवर
समाजसेवी

शुभेच्छु - समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत माड़ीतराई

---

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं..



आबकारी विभाग
(शराब दुकान)

ग्राम - बेलगांव, बोरतलाव, मुढ़ीपार

---

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं..



पुलिस थाना

डोंगरगढ़, बोरतलाव, चिचोला, बाघनदी, मोहारा (पु.चौकी)

---

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं..



बीज निगम

ग्राम - शिवपुरी, डोंगरगढ़

---

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं..



रामदयाल चन्द्रवंशी
समिति प्रबंधक, मेढ़ा

---

समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं..



एक शुभचिंतक

